CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 27 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 9 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में से एक, श्याम लाल मीणा का निधन खेल टाइम्स



भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप सम्पादकीय



अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: मुज्तबा खामेनेई पेज 12

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी, मप्र व राजस्थान को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है, तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई।



■ फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने कचहरा प्रबंधन को लेकर बनाई निगरानी कमेटी

■ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी
■ हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए।

जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

## जम्मू-कश्मीर पर किसी को टिप्पणी करने का हक नहीं

■ चीन-पाकिस्तान को भारत की दो टूक, सीपीईसी पर भी जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू- कश्मीर के अनावश्यक जिक्र का भारत ने सख्ती से विरोध किया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिर स्थिति संबंधित पक्षों को अच्छी तरह मालूम है।

मंत्रालय ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा से भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहे थे, हैं और हमेशा रहेंगे। इस पर टिप्पणी करने का किसी अन्य देश को कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा, भारत ने चीन -पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना का भी कड़ा विरोध किया, क्योंकि इसमें भारत के संप्रभु क्षेत्र आते हैं। मंत्रालय ने कहा कि अन्य देशों की ओर से पाकिस्तान के गैरकानूनी और बलपूर्वक कब्जे को वैधता देने के प्रयास को स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करता है। यह बात पाकिस्तान और चीन को कई बार स्पष्ट रूप से बताई जा चुकी है। मंत्रालय ने

## संक्षिप्त समाचार

### दो पाक नागरिकों समेत नौ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस थाने पर नवम्बर 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में नामजद आरोपियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिक और हैंडलर शहजाद भट्टी और सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलूच के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों में धीरज उर्फ धीरू, विकास उर्फ विक्की, संदीप उर्फ दायमा, विकास, सुशील उर्फ सल्लू, मोहम्मद सिजान उर्फ सिजान उर्फ गाजी और गुरजंत सिंह शामिल हैं।

### सीएम सुवेंदु बोले बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो

**नार्थ 24 परगना/ मुर्शिदाबाद।** बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### जनसंख्या बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का गठन

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डा. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# ईरान ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, वार्ता



अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देंगे: आईआरजीसी

अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

**ईरान की** आईआरजीसी ने मंगलवार को दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी जारी की कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में छपे एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी वायु रक्षा इकाई ने दुश्मन की हवाई गतिविधि की 'सटीक खुफिया निगरानी' के बाद ड्रोन को मार गिराया। उसने यह भी दावा किया कि एक अमेरिकी आरक्यू-4 सर्विलांस ड्रोन और एक एफ-35 फाइटर जेट पर फायरिंग की, जिससे दोनों वायुयानों को इलाका छोड़ना पड़ा। बयान में यह नहीं बताया गया कि ये घटनाएं कब हुईं। ईरानी दावों पर अमेरिकी सेना की ओर से तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। आईआरजीसी ने दोहराया कि ईरान के पास युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'सही और निर्णायक' अधिकार है और अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ चेतावनी जारी की। यह बयान अमेरिकी सेना के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च स्थलों और नावों पर 'आत्मरक्षा में बचाव' किए हैं।

## समुद्री रास्तों की आजादी जरूरी: ऑस्ट्रेलिया



■ दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा उठाया
■ जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है।

क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रुबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।

### भारत-अमेरिका ने खनन व प्रसंस्करण के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एस. जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी। उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है।

# CNG ₹2 तक महंगी

## मई में चार बार में छह रुपये की हुई बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ दिल्ली में 83.09 रुपये किग्रा मिलेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गई है।

पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी मंगलवार से 91.70 रुपये हो गई है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गई है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है।

## अन्नाद्रमुक के एक और बागी विधायक ने दिया इस्तीफा

■ इसाकी सुबैया ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को गहरा झटका देते हुए पार्टी के एक और बागी विधायक इसाकी सुबैया ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

जिससे पिछले दो दिनों में पार्टी छोड़ने वाले बागी विधायकों की संख्या चार हो गई है।राज्य के अंबासमुद्रम के अन्नाद्रमुक विधायक सुबैया पहले मंत्री भी रह चुके हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से उनके कक्ष में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### बिरला ऐतिहासिक कार्यवाहियों के 89 संकलनों का करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को दिल्ली विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा (1924-1930) की कार्यवाहियों के 89 खंडों में प्रकाशित ऐतिहासिक संकलन का लोकार्पण करेंगे।

# यूपी में आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

## बांदा में पारा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री के पार, मानसून केरलम से 35 किमी दूर अटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली- हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे।

यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के गोंडा, लखीमपुर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें, तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।



### उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी राज्यों में कई दिन तक भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। विभाग की ओर से मंगलवार सुबह जारी पूर्वानुमानों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा। विभाग के ताजा मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पंजाब, हरियाणा- चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

## DRDO परिसर से चोर 50 लाख का सोना व नकदी चुराकर फरार

■ चोरों ने वैज्ञानिक के आवास को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) परिसर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई। तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चोरों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गई थीं, जहां उनके पति वर्तमान में तैनात हैं। उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसियों ने घर के टूटे हुए ताले देखे और उन्हें घटना की सूचना दी। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार चोर पीछे की ओर के ताले तोड़कर घर में घुसे और करीब 280 ग्राम सोने के आभूषण तथा लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी-डंपिंग ड्यूटी से 28,540 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाना संभव

**नई दिल्ली।** भारत एंटी-डंपिंग शुल्क लगाकर हर साल करीब 28,540 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बचा सकता है। सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज की मंगलवार को जारी एक साझा रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें दावा किया गया है कि ऐसा करने से घरेलू उद्योगों में 70,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त निवेश का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों और छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव बढ़ा है। यदि समय रहते एंटी-डंपिंग उपाय लागू किए जाते हैं, तो घरेलू उत्पादन क्षमता मजबूत होगी और स्थानीय उद्योगों को सहारा मिल सकता है। एंटी-डंपिंग ड्यूटी उन मामलों में लगाई जाती है, जब विदेशी कंपनियां किसी उत्पाद को अपने घरेलू बाजार की तुलना में कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचती हैं। सरकार इसका इस्तेमाल घरेलू उद्योगों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए करती है।

### मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कठुआ जिले में एक मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ जिले की हीरानगर तहसील के चप्पर निवासी सुदेश मेहता नाम के एक मादक पदार्थ तस्कर की अचल संपत्ति (दुकानें और ढाबे), को मादक पदार्थों के संबंधित एक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।

# जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। मुख्यमंत्री या मंत्री इसे नहीं दे रहे, केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और प्रेरणा है।

मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ नगर निगम में महापौर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 413 करोड़ रुपये की 342 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही 'स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ' पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में गईं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम है कि तीन वर्ष में नगर निगम ने विकास और स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय लगा। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन और लगभग 14 हजार पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वहां अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल बन गया है। यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

■ पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा समय

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं।

# यूपी में 28 से आंधी व बारिश के आसार

**लखनऊ, वार्ता**



प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को 28 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के लिए कई जिलों में रेड वार्निंग जारी की है। हालांकि 28 मई से मौसम करवट लेगा और तेज आंधी, बारिश तथा गरज-चमक के चलते तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 29 मई से प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले 48 घंटों तक दिन में भीषण लू और रात में भी गर्मी बनी रहेगी। 26 और 27 मई को बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद भी गंभीर गर्मी की चपेट में रहेंगे। कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़, इटावा, औरैया समेत कई जिलों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के असर से प्रदेश में मौसम बदलना शुरू होगा। कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। 28 और 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 और 30 मई को रायबरेली, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और आसपास के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

■ 60 से 70 किमी की स्पीड से चलेंगी हवाएं

# कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद नहीं मिल रही राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है, बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है।

खड़गे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीजल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़कर क्रमश: 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

खड़गे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीजल करीब 67.9 प्रतिशत महंगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ता है।

■ कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

## पीक डिमांड 31,804 मेगावाट पहुंची, यूपीपीसीएल नहीं खरीद पाया बिजली

# यूपी में बिजली संकट गहराया, लोग दुखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ती खाई के चलते बिजली संकट गहरा गया है। पीक आवर में मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली खरीद के लिए उपलब्ध ही नहीं है।

यूपीपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य बिजली निगम हर दिन शाम के पीक आवर में मांग-आपूर्ति का अंतर पाटने के लिए एक्सचेंज पर बोली लगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक यूनिट भी नहीं खरीद पाया है, क्योंकि बाजार में सरप्लस बिजली उपलब्ध ही नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है। लेकिन इस साल सभी राज्यों में एक साथ असाधारण रूप से अधिक मांग के कारण शॉर्ट-टर्म खरीद का यह जरिया बेअसर हो गया है। रविवार रात प्रदेश की बिजली मांग इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 31,804 मेगावाट पर पहुंच गई। यह न केवल उप्र बल्कि देश में भी सबसे अधिक मांग में से एक है। तापमान अधिक रहने से आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दिन के समय सौर ऊर्जा से कुछ राहत मिल जाती है और आपूर्ति-मांग का अंतर कम हो जाता है। लेकिन बड़ी चुनौती रात में आती है, जब सौर बिजली उपलब्ध नहीं होती और मांग और बढ़ जाती है।

सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज पर जो भी सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है, वह सीलिग रेट 10 रुपये प्रति यूनिट पर बिक रही है। इससे मांग के भारी दबाव का पता चलता है। हर राज्य को अभी बिजली चाहिए, इसलिए एक्सचेंज पर बेचने के लिए किसी के पास सरप्लस नहीं है।



■ यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है

### सीएम ने दिया था बिजली खरीदने का आदोश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी जरूरत हो उतनी बिजली खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सुनिश्चित करने में वित्तीय बाधा नहीं आनी चाहिए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अब चुनौती पैसे की नहीं, उपलब्धता की है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के साथ बैंकिंग सिस्टम के तहत द्विपक्षीय व्यवस्था एक बड़ा सहारा बनी है। इसके तहत राज्य एक-दूसरे को बिजली देते हैं और बाद में हिंसाब बराबर करते हैं। पीक डेफिसट 2,000 मेगावाट से अधिक होने के बावजूद अधिकारियों का दावा है कि कोई अतिरिक्त लोड शेडिग नहीं की जा रही है। लोड के पुनर्वितरण से आपूर्ति प्रबंधित की जा रही है। यूपीपीसीएल के एमडी नितीश कुमार ने कहा कि यह सच है कि एक्सचेंज पर खरीद के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है, क्योंकि इस साल पूरा देश ऐतिहासिक मांग का सामना कर रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76009.70
निफ्टी 23913.70

सोना 158000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# प्रमुख सूचकांकों में गिरावट, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयर टूटे

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 479.26 अंक (0.63 प्रतिशत) टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत नीचे 23,913.70 अंक पर आ गया।

सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में गए थे, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली होने से फिर लाल निशान में चले गए। अमेरिका ने सोमवार रात ईरान पर फिर हमले किए हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। रुपये में 50 पैसे से ज्यादा की गिरावट ने भी बाजार पर दबाव बनाया। भारतीय मुद्रा फिलहाल 51 पैसे टूटकर 95.77 रुपये प्रति डॉलर पर है। वृहत बाजार में मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में बढ़त बरकरार रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी सेक्टरों में गिरावट रही, जबकि धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल का शेयर डेढ़ फीसदी गिर गया। ट्रेंट, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, कोटक महिद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,750 रुपए कम होकर 2.66 लाख रुपए पर आ गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,135 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने सोना और चांदी को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं, दालों व चीनी में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में उठाव कम रहने से मंगलवार को अधिकतर उत्पादों के भाव टूट गए। चावल, गेहूं, दालों और चीन में नरमी रही। अधिकतर खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये घटकर 3,855 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये टूटकर 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी तीन रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 17 रुपये और उड़द दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चना दाल, मूंग दाल और मसूर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4,497 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 प्रतिशत टूटकर 73.74 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 34 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। वनस्पति 28 रुपये और सूरजमुखी तेल 27 रुपये फिसल गया। सोया तेल 21 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में भी छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी सात रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7694.28 रुपये, मसूर काली 8127.32 रुपये, मूंग दाल 10162.17 रुपये, उड़द दाल 10842.88 रुपये, तुअर दाल 11244.50 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.03 रुपये और चावल 3855.32 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3257.14 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4327.85 रुपये और गुड़ 5036.42 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूपी में फर्जी एनकाउंटर कराती है बीजेपी सरकार



■ जाति देखकर चलता है बुलडोजर: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बीजेपी के बुलडोजर एक्शन से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक के मुद्दों पर अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है। यूपी में बुलडोजर जाति देखकर चलता है, बीजेपी सरकार फर्जी एनकाउंटर कराती है।

इस दौरान अखिलेश ने हाथरस की बेटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उसके साथ 2020 में जो हुआ, उसी तरह का लगभग 2026 में भी देखने को मिल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सरकार हर चीज को छिपाना भी चाहती है और अपने संसाधनों की ताकत से वो जनता तक अपनी सच्चाई भी नहीं पहुंचने देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि फेक एनकाउंटर को लेकर कोई पहली बार बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कल भी जो देखने को मिला, परिवार के लोग कहते हैं और जो खबरें आ रही है, उनसे लगता है कि फेक एनकाउंटर करने की साजिश यह सरकार लगातार करती रहती है। यूपी में मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर हो रहा है, यहां एनकाउंटर वर्चस्व की धाक जमाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक एनकाउंटर को सामान्य रूप से मुठभेड़ कहते हैं। हिंसक और आपराधिक गतिविधियों के लिए तब तक कोई जगह नहीं, जब तक कोई अपने स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग ना करे। फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है, लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता। एनकाउंटर से मानस में हिंसा को भरा जाता है, हत्या को जायज ठहराया जाता है और जेंडर के जमाने की उस रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है ,जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। अखिलेश ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रितक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। फर्जी एनकाउंटर संविधाान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय के राज को सिरे से नकारता है. सरकार में लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर करने वाले सरकार नहीं, गुनहगार हैं। जिस एनकाउंटर के पीछे मर्जी चले, समझो वो फर्जी है, यूपी में मर्जी के हिसाब से एनकाउंटर हो रहा है।

# एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है। वहां मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था। एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ए गिरफ्तारियां कीं। इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ए न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) के बाहर जमा हो गए।

# किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी

## कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बोली क्रॉपलाइफ इंडिया कंपनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्र सरकार के तेलंगाना में प्रतिबंध और जहर से होने वाली मौतों पर चिंता के बाद फसल सुरक्षा उत्पादों 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' और 'कार्बोसल्फान' की बिक्री की समीक्षा किए जाने के बीच, क्रॉपलाइफ इंडिया ने आग्रह किया है कि कोई भी निर्णय किसानों की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की स्पष्ट समझ और गंभीर तनाव से जूझ रहे किसानों पर इस प्रतिबंध के पड़ने वाले व्यावहारिक असर को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए।

संगठन का कहना है कि किसी उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने से साधन तो हट जाता है, लेकिन समस्या का मूल कारण खत्म नहीं होता। वास्तव में, किसी उत्पाद को प्रतिबंधित करने से वह संकट और गहरा सकता है, जो किसी किसान को अपनी जान लेने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि किसानों की आत्महत्या के पीछे कर्ज, फसल की बर्बादी, वैकल्पिक आजीविका का अभाव और फसल खराब होने पर ऋण चुकाने में असमर्थता जैसे निरंतर बने रहने वाले मुख्य कारण हैं। उदाहरण के लिए, 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' में प्रकाशित वर्ष 2024 के एक गुणात्मक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य के बजाय आर्थिक हैं, जिसमें कर्ज और उसके कारण पैदा हुआ ऋण-जाल सबसे प्रमुख कारक है। इसी तरह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट' के एक अन्य अध्ययन के अनुसार किसानों की आत्महत्या का सीधा संबंध वर्षा की स्थिति से है। पांच अत्यधिक प्रभावित राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्षा में पांच प्रतिशत के बदलाव पर जहां प्रतिवर्ष औसतन 810 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए, वहीं वर्षा में 25 प्रतिशत की कमी होने पर यह संख्या बढ़कर 1,188 तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अध्ययन में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में गारंटीकृत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध थी, वहां फसल खराब होने के बाद भी आत्महत्या के मामलों में कमी देखी गई। इन साक्ष्यों से साफ है कि आत्महत्या एक गहरे संकट का लक्षण है, और महत्वपूर्ण फसल सुरक्षा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से यह संकट और बढ़ सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सभी हितधारकों और उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे सरकार द्वारा आय सहायता, फसल बीमा, संस्थागत ऋण और ग्रामीण रोजगार गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए सुरक्षा चक्र को और मजबूत करें ताकि किसानों को इस संकट से उबारा जा सके। खरीफ बुवाई के सीजन की शुरुआत को देखते हुए यह मामला बेहद संवेदनशील और जरूरी हो जाता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सरकार से खेतों की व्यावहारिक आवश्यकताओं पर विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि किसान इस साल के लिए अपनी लागत की योजना और प्रतिबद्धता पहले ही तय कर चुके हैं। सीजन के बीच में किफायती और स्थापित खरपतवार एवं कीट नियंत्रण विकल्पों को अचानक रोकने से किसानों की लागत बढ़ेगी।

■ पैराक्वाट डाइक्लोराइड व कार्बोसल्फान की समीक्षा हो

# फायरिंग का आरोपी दामाद जेल पहुंचा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने पंचशील कॉलौनी में फायरिंग की सनसनी खेज घटना को अंजाम देने वाले आरोपी दामाद को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया है। यह फायरिंग एक मामुली विवाद के चलते दामाद ने की थी जिसमें तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिनको पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की है। यह घटना बच्चे के जन्मदिन के दौरान हुई जहां सास भी गोली का शिकार हुई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचशील कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार मित्तल की बेटी राधिका मित्तल की शादी 2012 में हुई थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है और बच्ची की कस्टडी को लेकर मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। बताया जाता है कि सोमवार की



रात प्रदीप कुमार मित्तल के परिवार ने बच्ची के जन्मदिन को लेकर एक पार्टी चल रही थी। आनंत मित्तल बच्चे के जन्मदिन में शामिल होने के लिए आया था अभी केक काटा भी नहीं था कि यहां पर किसी मामले को लेकर बहस शुरू हो गई और मामला इतना गर्मा गया कि अनंत मित्तल ने लाईसेंसी रिवाल्वर निकाला और ताबडतोड फायरिंग कर दी और अन्य महिला भी घायल हा ेगई जिसमें सास समा मित्तल व बीच में आई सविता मित्तल, अपूर्वा मित्तल भी गंभीर रूप से घायल हा ेगई। फायरिंग के दौरान यहां दहशत का मोहाल बन गया और भगदड मच गई तुरंत ही सिविल लाइन पुलिस मोके पर पहुंच गई थी एसएसपी ने बताया कि घायला को अस्पताल से मेरठ के लिए रैफर कर दिया था। पुलिस न ेकुछ समय बाद ही अनंत मित्तल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवॉलर व कारतूस बरामद किए औरघटना स्थल से कुछ सबूत लिए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी कब्जे में की। उन्होने यह भी जानक. ारी दी कि यह मामला हत्या के प्रयास का था और पुलिस ने रात्रि में ही इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। आज लिखापढी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# गंगा दशहरा पर उमड़ी सेवा भावना, लगीं शरबत की छबील

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मंगलवार को खतौली कस्बा सेवा, श्रद्धा और मानवता की मिसाल बनता नजर आया। भीषण गर्मी और उमसभरे मौसम के बीच नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा मीठे पानी और शरबत की छबीले लगाकर राहगीरों, दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को राहत पहुंचाई गई। ठंडे शरबत का वितरण होते ही लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और सेवा कार्य में जुटे लोगों की सराहना की।

जीटी रोड पर धर्मप्रेमी सरदार आरपी सिंह और समाजसेवी अनिल जैन के नेतृत्व में विशेष छबील का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने टैंट लगाकर राहगीरों के बैठने की व्यवस्था की तथा ठंडे मीठे पानी और शरबत का वितरण पूरे दिन जारी रखा। बड़ी टंकियों में शुद्ध पानी, बर्फ, चीनी और रुहआफ्जा मिलाकर तैयार किए गए शरबत को लोगों को प्रेमपूर्वक पिलाया गया। तेज धूप में सफर कर रहे लोगों ने इस सेवा को बड़ी राहत बताया।

आयोजकों ने बताया कि गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी और अन्य धार्मिक पर्वो पर जल सेवा करना भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा रही है। इसी भावना के साथ हर वर्ष श्रद्धालु लोगों की सेवा के लिए आगे आते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अच्छी वर्षा और भीषण गर्मी से राहत की प्रार्थना भी की।

नगर में लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## मंत्री कपिल देव के प्रयासों से ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 माह बढ़ा

**मुज़फ्फरनगर।** प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा दिया है। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा था, ऐसे में शासन द्वारा जारी आदेश के बाद वर्तमान ग्राम प्रधान अब आगामी छह माह तक अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।दरअसल मंत्री कपिल देव अग्रवाल के विशेष प्रयास से यह फैसला लिया गया है।ग्राम प्रधानों ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की थी।इस पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में वृद्धि करने का अनुरोध किया था। मंत्री कपिल देव अग्रवाल के इस प्रयास को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक निर्णय लिया, जिससे प्रदेश के हजारों ग्राम प्रधानों को राहत मिली है। इस फैसले से न केवल पंचायत स्तर पर प्रशासनिक निरंतरता बनी रहेगी, बल्कि विकास कार्यों में भी किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। मंत्री कपिल देव ने प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्राम पंचायतों की मजबूती और ग्रामीण विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# स्व. कमलेश को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज हम एक ऐसी विभूति को नमन कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा को मिशन बनाया और समाज सेवा को धर्म। चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की संस्थापक स्वर्गीय कमलेश शर्मा केवल एक अध्यापिका नहीं, बल्कि 'उच्च कोटि की शिक्षाविद्, समाज-सुधारक और मातृशक्ति की प्रतीक' थीं। 'शिक्षा की अलख जगाने वाली माँ' 25 मई 1952 को सहारनपुर में जन्मी कमलेश जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन शिक्षा जगत को समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि शिक्षा केवल अक्षर-ज्ञान नहीं, संस्कार-निर्माण है। वे बरसात में घुटनों तक पानी भरी गलियों से



गुजरकर केवलपुरी, मल्हूपुरा, इंदिरा कॉलोनी, जसवंतपुरी, रामपुरी और सरवट जैसी मलिन बस्तियों में पहुंचीं। घर-घर जाकर उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि -'शिक्षा ही दरिद्रता से मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने अपनी निष्ठा, ईमानदारी और मातृत्व की शक्ति से अभिभावकों का अटूट विश्वास जीत लिया था। यही कारण था कि अभिभावक निश्चिंत होकर अपने बच्चों को कमलेश शर्मा के हाथों में सौंप देते थे।' उनके द्वारा शिक्षित हजारों बच्चे आज देश-विदेश में भारत का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। 'सामाजिक चेतना की मशाल' वे केवल विद्यालय तक सीमित नहीं थीं। धार्मिक कथाओं, सामाजिक सम्मेलनों और जन-कल्याण के कार्यों के लिए वे निरंतर विभिन्न राज्यों की यात्र करती थीं। विवाह, सगाई या सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया जाता था।

# प्रसार एआई-आधारित कृषि परामर्श का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने देशभर में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रसार, एआई-आधारित कृषि परामर्श सेवाओं के विस्तार तथा किसान क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत की अग्रणी एग्रीटेक कंपनी एग्रोस्टार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईसीएआर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के अधीन कार्यरत देश की सर्वोच्च कृषि अनुसंधान संस्था है, जो राष्ट्रीय स्तर पर कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार गतिविधियों के समन्वय एवं मार्गदर्शन का दायित्व निभाती है। यह साझेदारी विश्व के सबसे बड़े कृषि अनुसंधान नेटवर्क में से एक आईसीएआर तथा भारत के तेजी से उभरते किसान-केंद्रित एगटेक प्लेटफॉर्म एग्रोस्टार को एक साझा मंच पर लेकर आती है। आईसीएआर की शोध एवं विस्तार विशेषज्ञता और एग्रोस्टार के व्यापक डिजिटल किसान नेटवर्क के संयोजन से यह पहल कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल हानि में कमी, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, खेती की लागत में कमी तथा किसानों के लिए बेहतर बाजार अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेगी।

# सहेली से हुआ प्यार, साथ जीने की जिद पर अड़ीं दो युवतियां

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों की दो युवतियों के बीच हुई दोस्ती धीरे-धीरे इस मुकाम तक पहुंच गई कि दोनों ने सामाजिक बंधनों को दरकिनार करते हुए साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया। जब दोनों परिवारों को इसकी जानकारी हुई तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मंगलवार को मामला खतौली कोतवाली पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों युवतियों और उनके परिजनों से घंटों बातचीत कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। हालांकि काफी समझाने-बुझाने के बाद भी दोनों युवतियां अपने फैसले पर अडिग बनी रहीं।

जानकारी के अनुसार, करीब तीन वर्ष पूर्व एक शादी समारोह में दोनों युवतियों की मुलाकात हुई थी। शुरुआती बातचीत के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई और धीरे-धीरे यह दोस्ती गहरे लगाव में बदलती चली गई। बताया जा रहा है कि दोनों लगातार फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में रहती थीं तथा कई बार एक-दूसरे से मिलने भी जाती थीं। परिवारों को लंबे समय तक इस संबंध की भनक नहीं लग सकी। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से दोनों युवतियां एक-दूसरे के साथ रहने की बात अपने करीबी दोस्तों से भी साझा कर रही थीं। हाल ही में जब परिवार वालों को दोनों के संबंधों के बारे में जानकारी मिली तो घरों में तनाव का माहौल बन गया। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब बात नहीं बनी तो मामला पुलिस तक पहुंच गया। मंगलवार को दोनों परिवार युवतियों को लेकर खतौली कोतवाली पहुंचे। वहां पुलिस अधिकारियों ने दोनों युवतियों से अलग-अलग पूछताछ की और उन्हें सामाजिक व पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए समझाने का प्रयास किया। इस दौरान परिजनों की आंखों में आंसू भी नजर आए। परिवार के लोगों ने हाथ जोड़कर युवतियों से फैसला बदलने की अपील की, लेकिन दोनों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे एक-दूसरे से बेहद प्यार करती हैं और अलग नहीं रह सकतीं। युवतियों ने पुलिस के सामने कहा कि उन्होंने जीवनभर साथ रहने का वादा किया है और अब वे अपने फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। बताया जा रहा है कि दोनों बालिग हैं और अपने निर्णय पर पूरी तरह कायम हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों को शांत रहने और आपसी बातचीत से समाधान निकालने की सलाह दी है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में दोनों परिवारों के बीच बातचीत जारी थी। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम की क्षेत्र में दिनभर चर्चा होती रही और लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते नजर आए।

# सदर बाजार मे गीता पाठ एवं संकीर्तन का भव्य आयोजन

**निःशुल्क गीता पाठ पुरुषोत्तम योग का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर के सचिव अतुल कुमार गर्ग ने बताया कि पुरुषोत्तम मास मे नगर के अलग-अलग क्षेत्रों/परिवारों में प्रतिदिन शोभायात्रा के साथ निःशुल्क गीता पाठ (पुरुषोत्तम योग), संकीर्तन का जो भव्य आयोजन किया जा रहा है उसी कडी मे नवें दिन 25 मई 2026 दिन सोमवार का पाठ सुभाष जी गुप्ता गारमेंट्स वालो के सौजन्य से सदर बाजार,चर्च के सामने सांय 06 बजे से आयोजित किया गया। गीताजी की शोभा यात्रा के उपरांत गुप्ता परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन किया गया।

तदुपरांत अतुल गर्ग ने गणेश वन्दना, शारदा माँ का गुणगान, ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप,पुरुषोत्तम योग का पाठ,भगवत स्तुति गीता मन्त्र कराया गया।

रामबीर सिंह ने बताया कि गीताजी का नियमित पाठ हमारे जीवन को बेहतर दिशा में ले जाने में सहायक होता है।भजन भाव मे सुभाष गर्ग, विमल प्रताप सिंह, प्रसिद्घ भजन प्रवाहक एवं रंगमंच कलाकार गायक अजय गर्ग द्वारा हरी ने पूछ लिया बैकुण्ठ जाना है, मैंने भी पूछ लिया क्या वहां बरसाना है, छोड़ बरसाना बैकुण्ठ नहीं जाना है, मुझे तो राधा राधा राधा राधा गाना है सुनकर उपस्थित सभी श्रोतागण भक्तिरस में सराबोर होकर झूमने लगे तथा नाच उठे।

गीतापाठ मे अतुल कुमार गर्ग, रामबीर सिंह , सुभाष गर्ग, विपिन गुप्ता, विमल प्रताप सिंह , अजय गर्ग, राजेश कुमार, सुभाष गोयल, सतीश गर्ग, राजेश वर्मा, महिका गुप्ता सभासद, शोभितगुप्ता सभासद पति, प्रज्ञा गुप्ता, मोहित गुप्ता, ऋतिक, सात्विक,आयांश, रूचिका, मनस्वनी, सुबुद्धि, चिदांश आदि सम्मानित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें मोदी: कस्सार

**बुढ़ाना।** किसान सेना के जिला मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने एक ब्यान में कहा कि ईद अल अजहा कुर्बानी का त्यौहार है। हम सभी क्षेत्रवासियों को चाहिए कि अपने क्षेत्र में भाईचारे का पैगाम दें। सभी धर्मो का सम्मान करते हुए हमें यह त्योहार मनाना चाहिए और साफ सफाई का भी ध्यान रखें। इस मुबारक मौके पर हम सबको चाहिए कि हम अपने अना और अपने अंदर पनप रही बुराइयों की भी कुर्बानी करें और समाज को एक बहुत ही शानदार पैगाम दें। हमारा हिंदुस्तान सभी धर्मो व जातियों का सम्मान करने वाला देश है। हमारा भारत महान है इसलिए हम सभी को चाहिए की कुर्बानी पर्दे में करें। साफ सफाई का ध्यान रखें। किसी भी तरह की शिकायत का मौका ना दें। गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने वाले अरशद मदनी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए।

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर शिकंजी का हुआ वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल की सदर बाजार इकाई के द्वारा ज्येष्ठ गंगा दशहरा के अवसर पर शि. कंजी वितरित की गई ।

सदर बाजार इकाई के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ओर कोषाध्यक्ष देवेश गर्ग ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पावन पर्व पर इस भीषण गर्मी में सदर बाजार के व्यापारियों के द्वारा शिकंजी का वितरण किया गया ।

जिसमें हजारों व्यक्तियों ने ठंडी शिकंजी से प्यास बुझाकर गर्मी से निजात पाई। छबील का प्रारंभ नीम करौली बाबा जी



महाराज के आशीर्वाद से जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता ओर जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा जी के द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता ने कहां की बाबा नीम करौली जी महाराज के आशीर्वाद से व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल जन समस्याओं के साथ साथ जन हित के कार्य भी लगातार करता रहता है चाहे न्यू मंडी में मीठे चावल बटना, शनि धाम इकाई के द्वारा कड़ी चावल का प्रसाद वितरण ,रुड़की रोड इकाई के द्वारा जल सेवा आदि जैसे पुनीत कार्य लगातार किए जाते है।

मुख्य रूप से सेवादार व्यापारी जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा , अग्रवाल इकाई अध्यक्ष,अक्षित अग्रवाल, देवेश गर्ग कोषाध्यक्ष, अंकुर गुप्तल इकाई महामंत्री, परवीन तायल इकाई प्रभारी,सर्वेश तायल मीडिया प्रभारी, रजनीश बंसल उपाध्यक्ष, उमंग बंसल, अतुल सिंहल ,हरेंद्र मालिक उपाध्यक्ष, संदीप जैन सचिव, नीरज सिंघल मेडिकल वाले सचिव, हरविंदर शर्मा सदस्य, रमित मित्तल सचिव आदि व्यापारीगण मौजूद रहे ।

## मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर किसान गोष्ठी

**बुढ़ान।** उर्वरक मंत्रलय भारत सरकार व हिंदुस्तान उर्वरक व रसायन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के तहत गांव मंदवाड़ा में ख़षक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में किसानों को मिटी की सेहत सुधारने व वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के गुर सिखाए गए। यहां एचयूआरएल के उप प्रबंधक विपणन प्रवीण कुमार सिंह ने कहा बेहतर उत्पादन के लिए मिटी की जांच कराना पहला कदम है। मिटी में मौजूद पोषक तत्वों के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यूरिया के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर खास जोर दिया ताकि मिटी की उर्वरता बनी रहे और लागत कम आए। कंपनी के टेक्निकल फील्ड असिस्टेंट निशांत पाल ने कंपनी के उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपना पावर माइकोराइजा व पीडीएम मोलेसस पोटाश के प्रयोग से फसल पर होने वाले सकारात्मक परिणामों की विस्तार से चर्चा की। यहां किसानों ने खेती व उर्वरक प्रयोग से जुड़े कई सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने सब सवालों के जवाब बड़ी सहजता से दिए। किसानों ने इस पहल की सराहना की और कहा वे इन सुझावों को अपनी खेती में अपनाएंगे। यहां एचयूआरएल के प्रगतिशील किसान तैमूर अली, खुदरा उर्वरक विक्रेता राणा पेस्टिसाइड के संचालक राशिद आदि किसान मौजूद थे। ये अभियान भारत सरकार के उर्वरक मंत्रलय द्वारा चलाया गया। इसका उद्देश्य किसानों को मिटी की जांच के प्रति जागरूक करना व रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग को रोककर संतुलित पोषण को बढ़ावा देना है ताकि मिटी की सेहत लंबे समय तक बरकरार रहे।

# मंत्री, सांसद ऊर्जा मंत्री से मिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रायसिहं, शाहडब्बर एवं शौरम गांव के 33/11 विधुत केंद्रों कि क्षमता वृद्धि हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से केबिनेट मंत्री अनिल कुमार, सांसद चंदन चौहान, विधायक अजय तोमर , चौधरी योगराज सिंह पूर्व मंत्री, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर ने कि मुलाकात।

ऊर्जा मंत्री ने तत्काल क्षमता वृद्धि किये जाने का दिया आश्वासन। मंत्री अनिल कुमार, सांसद चंदन सिंह चौहान, अजय तोमर व पूर्व मंत्री योगराज ने जनपद के अन्य मामलों पर भी ऊर्जा मंत्री से विस्तार से बात की।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **मौ0 आसिफ** और पुत्रवधू **सना** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**नसीम अहमद पुत्र अब्दुल वहीद**
निवासी: मो0 खालसा पट्टी, सुजड़ू, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर।

## बुढ़ाना में उत्पाती बंदरों का आतंक

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक माह में बंद. रों के हमले की ये 6 घटना सामने आई है। चंधेडी रोड पर एक महिला को छत पर कपड़े सुखाते समय बंदरों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से इलाके में भय है और महिलाओं व बच्चों का छत पर जाना मुश्किल हो गया है। बीते 13 मई को लुहसाना रोड पर स्थित मदीना मस्जिद के पास बंद. रों ने 3 बच्चों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में 15 वर्षीय शाद पुत्र फारुख शेख, 6 वर्षीय मुन्नी पुत्री चंगेज खान व 7 वर्षीय हुसैन है। इसके अलावा नई बस्ती निवासी 50 वर्षीया सम्सी पत्नी अमीर आलम को भी बंदरों ने काट लिया वहीं चंधेडी रोड पर ही 60 वर्षीय नूरजहां व 41 वर्षीय बुशरा खान को भी बंदरों ने घायल किया था। एक ताजा घटना में भी एक महिला को बंदरों ने छत पर घेरकर जख्मी कर दिया।

## छह युवकों से तमंचा व कारतूस बरामद

**मुजफ्फरनगर।** बरला बसेड़ा मार्ग पर चेकिंग के समय दो बाइक पर सवार छह युवकों को एक अवैध तमंचा, 5 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

बरला बसेड़ा मार्ग पर एक पोलीटेक्निक के निकट पुलिस चेकिंग कर रही थी। दो बाइकों पर छह युवक बैठे थे पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तलाशी में उनके पास से एक तमंचा व पांच कारतूस बरामद किये।

हिरासत में लिये युवक रुचिन निवासी गांव तुगलकपुर थाना पुरकाजी, राजन, दीपक, हर्षित निवासी गांव पटियाली थाना नांगल जनपद सहारनपुर, लक्ष्य निवासी गांव साखन कलां थाना देवबंद ओर एक नाबालिग युवक है। पुलिस ने सभी का चालान कर कोर्ट में पेश किया है। सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने बताया कि सभी का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

**Female Staff Required**

**Nawab Azmat Ali Khan Girls Degree College, Muzaffarnagar**

Application are invited staff for the post of lecturer in-
**BSc-** Chemistry, Zoology, Botany, **B.A.** English
**M.A.** Home Science, Drawing & Painting
Apply with resume & recent passport size photograph with hand written Application.
Eligibility:- According UGC Norms

**Contact :-**
Azmat Bagh Arya Samaj Road,Muzaffranagar (U.P.)
M.No. 0131-2622191, 9012846455
naakgirlscollege@gmail.com
**MANAGER**
**(DR NAWAZ DEOBANDI)**
M.: 9319155237

# माउंट लिट्रा स्कूल में चैंपियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में तृतीय जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया यह आयोजन जिला ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया जिसके जनरल सेक्रेटरी राजेश कौशिक वाइस प्रेसिडेंट विनीता शर्मा है। इस प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, दशमेश पब्लिक स्कूल जानसठ, मेपल्स अकैडमी देवबंद, एमजी वर्ल्ड विजन पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर एवं किडजी जानसठ रोड मुजफ्फरनगर से आए लगभग 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया स इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अशोक बालियान जी सेक्रेटरी जिला ओलंपिक एसोसिएशन मुजफ्फरनगर रहे स विशिष्ट अतिथि के तौर पर चारु भारद्वाज डायरेक्टर माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, सुनंद सिंघल जॉइंट डायरेक्टर माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, डॉक्टर सीमा जैन प्रधानाचार्य जैन कन्या डिग्री कॉलेज,



एवं अनंता मृणालिनी प्रधानाचार्य एमजी वर्ल्ड विजन पब्लिक स्कूल मौजूद रहे।

इस प्रतियोगिता में आगमी 31 मई 2026 को गाजियाबाद मेँ होने वाली स्टेट कराटे चैंपियनशिप के लिए प्रतिभागियों का चुनाव किया गया स इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में वरुण भंडारी, निखिल आर्य, आदित्य कौशिक, राखी कौशिक, नेहा राजपूत एवं दुष्यंत का योगदान रहा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पत्नी नाजमा का स्वभाव क्लेह एवं झगडालू प्रवृती का है वह बात-बात पर क्लेह करती है। मेरे बच्चे भी अपनी मां नाजमा के कहने में है। वह मुझको बात-बात में मारपीट कर आपमानित करते है। मैने अपनी पत्नी नाजमा और बच्चों शहजादी, गुलबहार, नूरजादी, सानिया, समीर व आमिर को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। और उनसे समस्त पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए है। यह अपने द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**एजाज पुत्र स्व. युसूफ**
**निवासी-म.न. 174**
**शाहबुद्दीनपुर, न्याजूपुरा मजरा**
**मुजफ्फरनगर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

**चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज चरथावल मु.नगर**
**B.A. स्नातक स्तर**
**अंग्रेजी एक पद,**
**अर्थशास्त्र एक पद, ग्रहविज्ञान एक पद,**
**राजनीती शास्त्र एक पद,**
**हिन्दी एक पद**
**कॉमर्स स्नातकस्तर**
**B.Com दो पद**
**इच्छुक अभ्यर्थी दस दिन के अंदर डाक द्वारा या प्रत्यक्ष रूप से अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय मे उपस्थित हो**
**सम्पर्क न०**
8445783213 (सचिव)
9758341052 (प्राचार्य)

**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित "एम. एस.सी. रसायन विज्ञान, एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान, एम.एस.सी. (कृषि) शस्य विज्ञान (एग्रोनोमी), बी.कॉम. तथा बी.सी.ए." हेतू सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। योग्यता यू.जी.सी./राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यार्थी सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), योग्यता प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि से बाद में अवगत कराया जायेगा।

**(शरद कुमार)** सचिव प्रबन्ध समिति

**(डा. के. पी. सिंह)** प्राचार्य

# भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने विद्युत चीफ का किया घेराव

## समस्याओं के निस्तारण को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने आज मेरठ मंडल उपाध्यक्ष साजिद अल्वी और जिला सचिव शिराजूदीन के नेतृत्व में बिजली विभाग के चीफ का ज़ोरदार घेराव किया और पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सवेरा 10,30 बजे भारतीय किसान यूनियन (तोमर) से जुड़े किसान चीफ ओफिस पंहुच और जबरदस्त नारे बाजी करते हुए बिजली विभाग के विरूद्ध नारेबाजे करते पहुंच गये नारों कि आवाज से बिजली विभाग चीफ का दफ्तर गूंज उठा और नारों कि आवाज बिजली विभाग के चीफ ओफिस में अफरा तफरी का माहौल बन गया और तुरंत किसानों कि समस्याओं को सुनने के लिए चीफ साहब किसानों के बीच पंहुच गये और बामुश्किल किसानों शांत किया और उसके बाद सभी किसानो को वार्ता के लिए राजी कर लिया है उसके बाद लगभग 45 मिनट वार्ता चीफ साहब और किसानों के बीच हुई जिसमें मुख्य मांग कुछ इस तरह रही है।

बिजली विभाग द्वारा हाशमपुर और रामराज के किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किये गये थे वो तत्काल प्रभाव है खत्म कराया जाए कुछ स्मार्ट मीटर के बिल गलत आ रहै है वो कैंप जिले भर में ठीक कराये जाए और लगभग 15 दिन पहले आंधी तूफान से बिजली खंभे और तार टूट गये थे वो ठीक कराये जाए क्योंकि किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ जिस कारण खेतों के सिंचाई भी किसान नहीं कर पा रहै है और फसल का नुक़सान हो रहा हो किसानों ने ये बात रखी है कि उत्तर प्रदेश में भी पंजाब हरियाणा कि तर्ज पर बिजली दी जाए और खेतों कि बिजली लगभग 18 घंटे दी जाए संगठन के पश्चिमी यू पी प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर ने कड़े शब्दों में चेता. वनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन चीफ ओफिस पर तंबू गाढ के पंचायत करने के लिए बाध्य होगा यहां तक रिहान तोमर ने ये भी कह दिया है कि यहां पर किसान भटी चढ़ाकर खाना बनाने का अनिश्चितकालीन पंचायत करेंगे कार्यकारी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी मुस्तफा सोनू चौधरी रजत चौधरी इरशाद कुलदीप नौशाद तस्लीम हर्ष चौधरी अरूण कश्यप रियाज राणा शुभान गुलबहार मोहित कुमार मौजूद रहे।

# ईदुल अज़हा की नमाज प्रात: 7:45 बजे होगी अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुढ़ाना ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज 28 मई की सुबह 07 बजकर 45 मिनट पर शुरु की जाएगी।

ईदगाह इंतजामिया कमेटी की ओर से जरूरी ऐलान किया गया है कि बुढ़ाना ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज ठीक 7:45 बजे अदा होगी।

ईदगाह कमेटी ने सभी नमाजियों से वक्त पर पहुंचने की अपील की है ताकि नमाज सुचारू रूप से अदा हो सके। दूसरी और इस त्योहार के मद्देनजर ईदगाह परिसर में बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी और अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के द्वारा साफ सफाई और नमाजियों के लिए पानी छाया का भी इंतजाम किया गया है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

प्रशासन और उलेमा ने मुस्लिम लोगों से अपील की है कि वे कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही करें।

खुले में कुर्बानी ना करें और साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और सौहार्दपूर्ण तरीके के साथ त्योहार मनाएं वहीं भयंकर गर्मी और नौतपा के चलते काफी लोगों ने ईदगाह की नमाज का समय साढ़े 07 बजे करने कि मांग ईदगाह कमेटी से की है।

# बुढ़ाना में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**बुढ़ाना।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कस्बे के नानकी का बाड़ा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और गंगा मैया से सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं भाजपा बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर और मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। सभी अतिथियों ने विधि विधान से गंगा मैया को भोग अर्पित किया और उसके बाद श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। इस भंडारे का आयोजन ब्रजपाल कश्यप, मेघराज कश्यप, बेगराज कश्यप और सुशील कश्यप के द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन स्नान दान और भंडारे का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को निभाते हुए हर साल की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में पूड़ी सब्जी, हलवा और शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि विनोद सैनी ने कहा कि गंगा दशहरा जैसे पर्व हमें सेवा, त्याग और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। भंडारे जैसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टर कॉलोनी में दबंगों ने मचाया तांडव

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में दबंगों के आतंक का वीडियो सामने आया है। आरोप है कि 8-10 युवकों ने कार सवार छात्रों को रास्ते में रोककर लाठी डंडों से पीटा और कार में तोड़फोड़ की। पूरी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित छात्रों का आरोप है कि दबंगों ने पहले कार रुकवाकर उनका नाम पूछा और फिर अचानक लाठियों से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए छात्र कार छोड़कर भागे लेकिन आरोपियों ने दौड़ा दौड़ाकर उन्हें पीटा। हमले में छात्र घायल हुए हैं। इतना ही नहीं आरोपियों ने कार के शीशे और बोनट भी तोड़ दिया। दिन दहाड़े हुई इस वारदात के बाद मास्टर कॉलोनी में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने कॉलोनी में खुलेआम कानून तोड़ा। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह 8-10 युवक लाठी डंडे लेकर कार पर टूट पड़े। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुढ़ाना पुलिस ने उक्त कालोनी में शांति व्यवस्था बनाए रखने को गश्त भी किया। फिलहाल सब आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**फुगाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी एक नवयुवक ने अपनी 23 वर्षीया बहन को गांव काकड़ा निवासी युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए फुगाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फुगाना पुलिस को दी तहरीर में गांव डूंगर निवासी एक युवक ने बताया कि बीती 24 मई की सायं करीब तीन बजे उसकी बहन घर पर अकेली ही थी। परिवार के सभी सदस्य खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव काकड़ा थाना शाहपुर निवासी आशीष पुत्र सोहेन्द्र उसकी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित भाई का कहना है कि खेत से घर लौटने पर जब बहन घर पर नहीं मिली तो आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि आशीष गांव में अपनी रिश्तेदारी में आता जाता था। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित युवक ने बीते कल थाना फुगाना में एक तहरीर देकर आरोपी आशीष कुमार के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर फुगाना थाना प्रभारी जयवीर सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। नवयुवती की बरामदगी के प्रयास कर रहे हैं। आरोपी की तलाश जारी है।

### चोरों का आतंक, दिन दहाड़े दुकान से पंखा चोरी

**मोरना।** क्षेत्र के अति संवेदनशील माने जाने वाले गांव मोरना में शातिर अपराधियो की सकिर्यता के कारण लगातार आपराधिक घटनाएं जारी हैं।कस्बे में दिन दहाड़े बाइक सवार द्वारा दुकान से बिजली का पंखा चुराने की घटना से सनसनी फैल गयी है।घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से अज्ञात चोर के खिलाफ़ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में बहुपुरा मार्ग स्थित मार्किट में बिजली के सामान के विक्रेता सन्दीप कुमार ने बताया कि सोमवार को वह खेत में किसी कार्य से गए हुए थे दुकान पर उनका बेटा बैठा हुआ था जब वह वापस दुकान पर आए तो बेटे से पूछा की दुकान बाहरी स्लैब पर जो दो पंखे रखे हुए थे उनमें से एक किसी ग्राहक को बेचा गया है क्या ।बेटे के मना करने पर संदीप को शक हुआ कि एक पंखा गायब हो गया है। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने के दौरान एक बाइक सवार दुकान पर आया और पंखे के रेट पता किया तथा वह वापस चला गया कुछ देर बाद वह बाइक द्वारा पुन: वापस आया और बाइक को बाहर खड़ी कर इधर-उधर देखने लगा तथा चतुराई से एक पंखा उठाकर वहां से फरार हो गया पीड़ित सन्दीप ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं मोरना में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारियों में दहशत बनी हुई है।

### बुढ़ाना बसी रोड पर हुई पुलिस की मुठभेड़

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में बीती देर रात पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को मौके से गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न थानों में 28 मुकदमे दर्ज हैं। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में उमरपुर चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया पुलिस टीम के साथ बुढ़ाना बसी रोड पर सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटर साइकिल सवार संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि युवक ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल होने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल बदमाश का नाम शाहनवाज निवासी मेरठ है। पुलिस ने मौके से बदमाश के कब्जे से एक मोटर साइकिल, एक तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए बुढ़ाना सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त शहनवाज के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में 28 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच कर रही है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### शांति भंग में पुलिस ने किए 9 गिरफ्तार

**भोपा।** पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आपसी विवाद के चलते शांति भंग कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नदीम व मुकीम निवासीगण गांव बेलड़ा थाना भोपा, चिराग व रवि कुमार वजीराबाद थाना भोपा, अंशुल निवासी भंडूरा थाना सिखेड़ा मुज़फ्फरनगर, नीरज निवासी रामपुरी थाना सिविल लाइन मुज़फ्फरनगर तथा समीर निवासी गांव मोरना थाना भोपा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

# चोरी की तीन बाइकों सहित तीन दबोचे

**छपार।** देवबंद- बरला मार्ग पर गांव कुतुबपुर के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन युवकों को चोरी की तीन बाइकों सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

रविवार की रात्रि में नौ बजे पुलिस बरला देवबंद मार्ग पर कुतुबपुर के पास चेकिंग कर रही थी उसी दौरान तीन बाइक आई तो पुलिस ने उन्हें रोककर देखा तो उन पर नम्बर प्लेट नही थी। तीनों युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम मिंटू निवासी ग्राम कान्हाहेडी, रोबिन निवासी गांव बिरालसी, मनीष निवासी बिरालसी थाना चरथावल बताया। तलाशी में उनके पास से एक चाकू व मास्टर चाबी निकली। उनमें से एक बाइक का मुकदमा देवबंद थाने में दर्ज हैं एक बाइक दो दिन पूर्व ही गांव पनियाला जनपद हरिद्वार से चोरी की है। आरोपी मिंटू ने बताया कि वह बाइक मिस्त्री है ओर बिरालसी में उसकी बाइक रिपेयरिंग की दुकान है वहीं पर चोरी की बाइ. कों से पार्टस निकाल कर ग्राहकों को बेचता है ओर रुपए आते हैं उन्हें बांट लिया जाता है। पुलिस ने तीनों का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने बताया कि उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# ओटिज्म प्रभावित बच्चों के लिए आगे आई पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ओटिज्म से प्रभावित बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने और उनके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में उन्होंने ओटिज्म जागरूकता अभियान से जुड़ी संस्था के पदा. धिकारियों और बच्चों के अभिभावकों के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान ओटिज्म से प्रभावित कई बच्चे भी उपस्थित रहे।

नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि ओटिज्म से प्रभावित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को विशेष देखभाल, सही उपचार और सकारात्मक वातावरण की आवश्यकता होती है। नगर पालिका स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस विषय में जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को बेहतर जीवन जीने का अधिकार है। यदि समय पर पहचान और उपचार मिले तो ओटिज्म प्रभावित बच्चे भी अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ सकते हैं। समाज को इनके प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में बच्चों के उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच, विशेष चिकित्सकीय परामर्श और समाज में जागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी विचार किया गया कि जिले में ऐसे बच्चों को समय रहते पहचान और उचित मार्गदर्शन कैसे उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका जीवन बेहतर बनाया जा सके। बैठक के दौरान ऑटिज्म जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहीं डॉ. नमिता का परिचय मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी से कराया गया। डॉ. नमिता ने कहा कि ओटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक न्यूरो-डेवलपमेंटल स्थिति है, जिसमें बच्चों के व्यवहार, संवाद और सामाजिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती अवस्था में पहचान और थेरेपी के माध्यम से बच्चों के विकास में सकारात्मक सुधार संभव है। डॉ. नमिता ने कहा कि हमारा प्रयास है कि मुजफ्फरनगर में अधिक से अधिक परिवारों तक सही जानकारी पहुंचे और प्रभावित बच्चों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता एवं प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके।

# खतौली में शुरू हुआ डॉग्स नसबंदी-टीकाकरण अभियान

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या और डॉग्स के हमलों की घटनाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने पहली बार डॉग्स की नसबंदी एवं टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को अभियान के पहले दिन पालिका टीम ने विभिन्न क्षेत्रों से करीब 20 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण के लिए भेजा। बीते कई महीनों से कस्बे में आवारा और खूंखार कुत्तों के हमलों की घटनाएं सामने आ रही थीं। बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर अक्सर इन कुत्तों का शिकार हो रहे थे। इसे लेकर स्थानीय लोग लगातार नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों को पकड़ने तथा उनकी नसबंदी कराने की मांग कर रहे थे। लंबे समय से लंबित इस कार्य की आखिरकार शुरुआत होने पर लोगों ने राहत जताई है। पालिका द्वारा चलाए गए अभियान के तहत रेलवे रोड, गणेशपुरी, होली चौक और बालाजीपुरम क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के लिए भेजा गया। नगर पालिका का मानना है कि इस अभियान से एक ओर जहां डॉग्स की संख्या नियंत्रित होगी, वहीं रेबीज जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा और चरणबद्ध तरीके से पूरे नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण एवं नसबंदी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मानव और पशुओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। स्थानीय नागरिकों ने पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए इसे नगर हित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया है। उनका कहना है कि यदि अभियान नियमित रूप से जारी रहा तो आने वाले समय में आवारा कुत्तों की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

# ईद पर स्वच्छता और कानून के पालन की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जमीयत उलमा ए हिंद की बुढ़ाना इकाई की एक विशेष बैठक बुढ़ाना कैम्प कार्यालय क़ासमी मंज़िल में बुढ़ाना नगर अध्यक्ष हाजी शराफत अली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ईद उल अजहा, सामाजिक सौहार्द, स्वच्छता और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मौ0 आसिफ कुरैशी ने कहा कि ईद उल अजहा कुर्बानी व भाईचारे का पर्व है। इसे शांति व कानून व्यवस्था का सम्मान करते हुए मनाना चाहिए। हाफिज राशिद कुरैशी ने कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही करने व खुले में कुर्बानी से परहेज करने की अपील की ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। वक्ताओं ने कुर्बानी के बाद साफ सफाई व अपशिष्ट के उचित निस्तारण पर जोर दिया और कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पदाधिकारियों ने कुर्बानी से संबंधित फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की अपील की। कहा कि ऐसी सामग्री से कई बार सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका रहती है, इसलिए जिम्मेदारी का परिचय दें। यहां आगामी जनगणना को लेकर भी चर्चा हुई। हाफिज तहसीन ने कहा जनगणना देश की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सही जानकारी देना जरूरी है। निर्णय लिया गया कि जमीयत के कार्यकर्ता मोहल्लों व गांवों में जनगणना जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को इसकी प्रक्रिया और महत्व के बारे में बताएंगे। बैठक में नगर अध्यक्ष हाजी शराफत अली ने जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग का समर्थन करने का प्रस्ताव रखा तो सभी ने सर्व सम्मति से इसका समर्थन किया। वक्ताओं ने कहा इससे सामाजिक सद्भाव को मजबूती मिलेगी। यहां संगठन मजबूत करने, सदस्यता अभियान तेज करने व युवाओं को जोड़ने पर भी विचार हुआ। यहां देश में अमन चौन व भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। यहां हाफिज अब्दुल गफ्फार, मौलाना सालिम क़ासमी, मौलाना हफ़ीउल्लाह मिफ्ताही, मौलाना आसिफ इस्लाही, मुफ्ती यामीन क़ासमी, इसरार कुरैशी, क़ारी नदीम व नौशाद काला कुरैशी आदि मौजूद थे।

# मदरसा हयात एजुकेशन एकेडमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

■ होनहार छात्रा अलकमा ने किया टॉप



**बुढ़ाना।** मदरसा हयात एजुकेशन एकेडमी में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। यहां प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। परीक्षा में अव्वल आने वाले स्टूडेंट्स को मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। वार्षिक परीक्षा में छात्रा अलकमा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरे पर सफलता की खुशी साफ झलक रही थी। मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येंद्र पाल ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे बड़ा हथियार है। मदरसा प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान ने सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और कहा नियमित पढ़ाई से ही बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं। विशिष्ट अतिथि एसडीएम बुढ़ाना आफिस की स्टेनोग्राफर नगमा अंसारी रही। यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार, ग्राम प्रधान हाजी जमशेद, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी ताहिर ठेकेदार, डॉक्टर मुबारिक, वसीम राणा, एडवोकेट गुलरेज, माजिद राणा, अशफाक, खुशनसीब, जौला सेवा संगठन के अध्यक्ष सलीम, आरिफ राणा, आमिर, कामिल, यामीन, नीरज, गुलरेज आदि लोग मौजूद थे।

# मेपल्स एकेडमी में मदर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए एक्वा पूल पार्टी एवं मदर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन हुआ। प्रोग्राम में प्री नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने माताओं संग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एकेडमी परिसर बच्चों की किलकारियों व उत्साह से गूंज उठा। बच्चों ने पूल में खूब मस्ती की। एक्वा जुम्बा, ट्रेजर हंट, गेस द सॉन्ग, म्यूजिकल बॉल, स्प्लैश प्ले, पेपर बोट जैसी मनोरंजक गतिविधियों का बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। खास बात ये रही कि माताओं ने भी बच्चों संग खेलों में हिस्सा लिया और संगीत की धुनों पर डांस कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। मां व बच्चों के बीच प्रेम व अपनत्व के सुंदर पल देखने को मिले। एकेडमी की ओर से मदर ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित हुआ। इसमें ताशु गर्ग ने हैप्पी समर्स विषय पर माताओं को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास, गर्मियों की छुटियों में उपयोगी गतिविधियों, स्वास्थ्य, अनुशासन व सकारात्मक पारिवा. रिक वातावरण पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। एकेडमी प्रबंधक राजीव गर्ग, अनन्या गर्ग, सांची गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम सफल बनाने में रितु मनचंदा, मीनाक्षी राज, आशीष, दीपक व पूरे स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

### चौथी पीढ़ी का कांग्रेसी हूं गॉडफादर नहीं...

# डॉ. जगबीर सिंह ने राहुल गांधी को दिया समर्थन

■ कहा: स्वार्थी लोग बाहर हों, नई कांग्रेस बनाने में करूंगा पूरा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** पूर्व सीएमओ और कांग्रेस एससी-एसटी सेल के प्रदेश सचिव डॉक्टर जगबीर सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए राहुल गांधी को समर्थन दिया है। उन्होंने अपने आप को चौथी पीढ़ी का सच्चा कांग्रेसी बतलाते हुए कहा कि उनका प्रयास हमेशा कांग्रेस को मजबूत करने का रहा है। फेसबुक पोस्ट में डॉक्टर जगबीर सिंह ने लिखा कांग्रेस को मजबूत बनाना ही हमेशा मेरा प्रयास रहा है। मेरा कोई गॉड फादर तो नहीं है पर मैं चौथी पीढ़ी का कांग्रेस कार्यकर्ता



हूं। इससे पहले मेरे पिता जी और मेरे दादा और पडदादा कांग्रेस की सेवा करके परलोक सिधार गए हैं। डॉक्टर सिंह ने आगे लिखा कि मेरा भी कोई गॉड फादर होता तो मैं भी बहुत ऊपर का नेता होता। मैं तो केवल निष्ठावान कांग्रेसी वर्कर हूं। और रहूंगा। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा नई कांग्रेस बनाने के प्रयासों का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें वह पूरा सहयोग करेंगे। पोस्ट में उन्होंने कहा कि मैं भी यही चाहता हूं कि नई कांग्रेस बने और स्वार्थी लोग जो कांग्रेस को खराब कर रहे हैं वो सब बाहर हों। इसलिए मेरी सोच राहुल गांधी से मेल खाती है। पोस्ट के अंत में उन्होंने सहमत लोगों से लाइक और शेयर करने की अपील भी की। डॉक्टर जगबीर सिंह की इस पोस्ट को अब तक कई लोग देख चुके और कई ने लाइक किया। कमेंट में सल्हन गुरदयाल चंद ने लिखा आप का सोचना सही है। राम काला ने लिखा आप कांग्रेस के सच्चे सिपाही हो हमने आपको समीप से देखा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने ट्रांजिट हॉस्टल स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण

**☐ साफ-सफाई व योजनाओं में पारदर्शिता के दिए निर्देश।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने मंगलवार को ट्रांजिट हॉस्टल बनत में संचालित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, विभागीय योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन तथा कार्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम परियोजना अधिकारी डूडा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की जानकारी लेते हुए नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता में जांच हेतु अधिक आवेदन पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रत्येक प्रकरण की तिथिवार जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने एक शिकायत का ऑनलाइन स्टेटस भी मौके पर चेक किया तथा डूडा कार्यालय को कलेक्ट्रेट या विकास भवन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला



प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19 एवं सामान्य) तथा निराश्रित महिला पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। विभाग द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 18915 लाभार्थियों को लाभ दिया जा चुका है, जबकि बाल सेवा योजना कोविड-19 में 116, बाल सेवा योजना (सामान्य) में 654 तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना में 25403 लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं में लाभार्थियों के सत्यापन के निर्देश दिए।

उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, महिला पुलिस चौकी, अल्पावास गृह एवं चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। स्टाफ नर्स से दवाइयों एवं जांच सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के होर्डिंग कलेक्ट्रेट, विकास भवन एवं तहसील स्तर पर प्रमुखता से लगाए जाएं। उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने तथा अलमारियों को पेंट कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एनआरसी (एनआरसी) में भर्ती बच्चों की स्थिति की जानकारी ली गई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान में 02 बच्चे भर्ती हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी आलोक यादव एवं डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन द्वारा ट्रांजिट हॉस्टल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर संबंधित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू रक्षा दल ने कथित गौशाला की जांच की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव बलवा स्थित एक कथित गौशाला की जांच कर कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने गौशाला संचालन में अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में कहा गया कि गांव बलवा बाईपास रोड पर संचालित कथित गौशाला के नाम पर वर्षों से दान और चंदा एकत्र कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की जा रही है। संगठन ने आरोप लगाया कि गोवर्धन उर्फ गौतम आर्य, सुशील, अमित और श्रीपाल वर्ष 2001-02 से गौशाला के नाम पर आर्थिक लाभ उठा रहे हैं। हिन्दू रक्षा दल ने आरोप लगाया कि गौवंशों को अमानक तरीके से रखा जा रहा है तथा उनका सही रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। संगठन के अनुसार विभिन्न विभागीय जांचों में भी गौशाला के पंजीकरण और अभिलेखों में अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि क्षमता से अधिक गौवंश रखने और कुछ गौवंशों को पूर्व में गौ संरक्षण केंद्र भेजे जाने की जानकारी मिली है। इसके अलावा बिजली चोरी और सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए हैं। संगठन ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर कथित अवैध संपत्ति की जांच, फर्जी गौशाला संचालन बंद कराने तथा संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# डा. अर्जुन वर्मा बने भाविसं के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा नगर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में 40वें अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। जिसमें डा. अर्जुन वर्मा को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ललित बिंदल, यशपाल पवार, विजय कौशिक, अरविंद दृष्टा महाराज तथा सुनील गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कौशिक एवं मनोज धीमान ने किया।अधिष्ठापन अधिकारी अरविंद संगल ने वर्ष




2026-27 के लिए नई टीम को शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष डॉ. अर्जुन वर्मा, सचिव डॉ. नीरज वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर अरविंद संगल ने कहा कि नई कार्यकारिणी ऊर्जावान एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अर्जुन वर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का वह सभी के सहयोग से ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे तथा बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सचिव डॉ. नीरज वशिष्ठ ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा और यह सत्र शिक्षा जगत में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर पुरण चंद आर्य, अनुराग जैन, मनीष भटनागर, अनिल बंसल, अजय जैन, वैभव संगल, प्रदीप बंसल, श्रीपाल गोयल, मनोज मित्तल, रामकुमार वर्मा एडवोकेट, सुधीर कुमार सिंघल, मनोज गोयल, पवन शर्मा, अजय गर्ग, विजय शर्मा, विनोद मित्तल, शरद जैन, दिव्य प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

# कच्चे मकान की छत गिरने से टला बड़ा हादसा, महिला व बच्चे बाल-बाल बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** अहमदगढ़ निवासी मीना देवी पत्नी स्वर्गीय हुकम सिंह सोमवार को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गईं। बताया गया कि मीना देवी अपने दो बच्चों के साथ कच्चे मकान में रह रही हैं। सोमवार दोपहर करीब दो बजे वह बच्चों के साथ कमरे में लेटी हुई थीं। इसी दौरान बिजली चले जाने पर वह बच्चों को लेकर कमरे से बाहर आ गईं।

ग्रामीणों के अनुसार, बाहर निकलने के करीब पांच मिनट बाद ही कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत गिरने से घर में रखा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि मीना देवी समय रहते बच्चों को लेकर बाहर निकल आईं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष दशहरे के दिन ही मीना देवी के पति हुकम सिंह की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद से मीना देवी अपने मायके में रहकर बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। लोगों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता देने और जल्द आवास उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि महिला अपने बच्चों के साथ सुरक्षित जीवन यापन कर सके।

## जनपद में बसों में धड़ल्ले से हो रही ओवरलोडिंग, एआरटीओ की कार्रवाई पर उठे सवाल

**झिंझाना।** जनपद में यात्री बसों में नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए सवारियों को भूसे की तरह ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है, जिससे सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई रूटों पर चलने वाली बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं, जबकि संबंधित मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया जाता है। ग्रामीणों और यात्रियों का कहना है कि ओवरलोड बसों में सफर करना मजबूरी बन चुका है, क्योंकि नियमित चेकिंग और प्रभावी कार्रवाई का अभाव है। बस संचालक अधिक मुनाफे के लालच में यात्रियों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। इसी बीच हाल ही में मेरठ-करनाल हाईवे पर की गई कार्रवाई में एक वाल्वो बस को ओवरलोड सवारियों के साथ पकड़ा गया और 21 हजार रुपये का चालान भी किया गया, लेकिन लोगों का कहना है कि ऐसी कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। एआरटीओ विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग की नियमित निगरानी कमजोर होने के कारण बसों में खुलेआम ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी हो रही है। इसके अलावा चालकों द्वारा लापरवाही से की जा रही ड्राइविंग भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## 29 मई को होगा मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गीता यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज के डीन डॉ. जसकरन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के सभी पात्र छात्र-छात्राएं समारोह में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 31 हजार रुपये, 90 से 94.99 प्रतिशत अंक पाने वालों को 21 हजार रुपये तथा 75 से 89.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपये के रिवार्ड वाउचर प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा समारोह में लकी ड्रा भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी मोबाइल फोन और स्मार्ट वॉच जीत सकेंगे।

## कंडेला पनीर फैक्ट्री पर एसडीएम का छापा

**कैराना।** सहारनपुर मंडलायुक्त (कमिश्नर) के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार देर शाम प्रशासन ने कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पनीर बनाने की फैक्ट्री पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में तैयार पनीर मिला, जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर नमूने लिए गए। सोमवार देर शाम एसडीएम कैराना शिवाजी यादव ने उच्चाधिकारियों एवं सहारनपुर मंडलायुक्त के निर्देश पर कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित भारतीय डेयरी पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री परिसर में करीब 850 किलोग्राम तैयार पनीर मौजूद मिला।पनीर के भंडारण और गुणवत्ता को लेकर प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को मौके पर बुलाया।इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षक ने फैक्ट्री में मौजूद पनीर के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए सील कर लखनऊ स्थित प्रयोगशाला भेज दिया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी ।एसडीएम शिवाजी यादव ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। पनीर की रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता या मिलावट सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित खाद्य इकाइयों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। वहीं, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन की सख्ती को देखते हुए अन्य इकाई संचालकों में भी हलचल देखी गई।

## थानाभवन पुलिस ने 24 पव्वे अवैध शराब सहित युवक दबोचा

**थानाभवन।** थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपदभर में अवैध शराब के धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना थानाभवन पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 24 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान अंकित पुत्र राजेश निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी, थाना थानाभवन जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। लगातार सामने आ रहे अवैध शराब बरामदगी के मामलों ने क्षेत्र में अवैध कारोबार के फैलते नेटवर्क को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों तक अवैध शराब की पहुंच चिंता का विषय बनी हुई है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना भवन क्षेत्र के गांव ताना में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह का पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे और फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

स्वागत कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चौधरी



सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी को जनपद में नई मजबूती मिलेगी और संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय होगा।

इस अवसर पर चौधरी सुरेंद्र सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ठाकुर शेर सिंह राणा, चौधरी कलीम हसन, चौधरी शमशेर जंग, चौधरी अश्वनी गुर्जर, सतीश चेयरमैन नोजल, बबलू प्रधान, अफसरून मुखिया, अशजद जंग, बोबी चौधरी और अरशद अली चौहान सहित कई पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर पशु बाजार में उमड़ी भीड़, बकरों की हुई जमकर खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 28 मई को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में तैयारियां जोरों पर हैं। जिले में त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को शहर के कैराना रोड स्थित पशु पीठ में कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से देर शाम तक बाजार में खरीदारों और विक्रेताओं की चहल-पहल बनी रही। पशु बाजार में विभिन्न नस्लों के बकरे और अन्य कुर्बानी के जानवर बिक्री के लिए लाए गए थे। लोगों ने अपनी पसंद और बजट के अनुसार जानवरों की खरीदारी की। बाजार में छोटे-बड़े कुर्बानी के जानवरों की कीमत 80 हजार रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक बताई गई। खास नस्लों और आकर्षक आकार वाले बकरों की मांग अधिक रही। खरीदारों का कहना था कि बकरीद मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण त्योहार है और कुर्बानी की परंपरा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह रहता है। कई लोग अपने परिवार के साथ पशु बाजार पहुंचे और बारीकी से जानवरों की जांच करने के बाद खरीदारी की। बच्चों में भी बकरों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पशु व्यापारियों फरमान कुरैशी, शकील कुरैशी, युनुस मलिक, अमरदीप मलिक और गगनदीप मलिक ने बताया कि इस बार बाजार में अच्छी खरीदारी हो रही है। हालांकि कुछ लोगों ने पिछले वर्ष की तुलना में दाम अधिक होने की बात भी कही। व्यापारियों का कहना है कि चारे, परिवहन और देखभाल की लागत बढ़ने के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। त्योहार को देखते हुए शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। कपड़ों, जूतों, इत्र, सेवई और अन्य जरूरी सामान की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं प्रशासन द्वारा त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

**एक नजर......**

## गमले चोरी होने पर अस्पताल स्टाफ पर लगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के सरकारी अस्पताल परिसर में सौंदर्यकरण के लिए रखे गए दो गमले चोरी होने के बाद चिकित्सा प्रभारी ने सख्त रुख अपनाया है। लापरवाही मानते हुए उन्होंने अपने समेत पूरे स्टाफ पर जुर्माना लगाया है। वहीं, दूसरी घटना में हरियाणा नंबर की एक कार अस्पताल परिसर में घुस गई और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कई गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद अस्पताल परिसर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। परिसर में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे और सजावटी गमले लगाए गए हैं। अस्पताल स्टाफ को भी साफ-सफाई और पौधों की देखरेख के निर्देश दिए गए थे।बताया गया कि अस्पताल परिसर से दो गमले अचानक गायब मिले। जानकारी होने पर चिकित्सा प्रभारी ने इसे कर्मचारियों की लापरवाही मानते हुए अपने सहित करीब 50 कर्मचारियों पर चार-चार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।इसी बीच एक अन्य घटना में हरियाणा नंबर की कार लेकर पहुंचे अज्ञात चालक ने अस्पताल परिसर में लापरवाही से वाहन दौड़ा दिया, जिससे कई गमले टूट गए। पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कार नंबर के आधार पर थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस की चेकिंग में फंसा तमंचा धारी, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को एक तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच में जुटी है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपदभर में संदिग्ध व्यद्रियों और वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, उपनिरीक्षक नरेंद्र वर्मा व पुलिस टीम के साथ कैराना मार्ग स्थित जिडाना नहर पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुनव्वर पुत्र नकीम निवासी ग्राम गंदराऊ, थाना कैराना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है।

## बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, युवक की उंगली कटी चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैराना।** नगर के मोहल्ला इकरामपुरा में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि कुछ लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियार के साथ घर में घुस आए और दंपती पर हमला कर दिया। मारपीट में युवक की एक उंगली कट गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार मोहल्ला इकरामपुरा निवासी राशिद पुत्र शमशुद्दीन ने बताया कि 19 मई की शाम उसके बच्चे गली में खेल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी आमिर, रईस और आशु पुत्रगण शब्बीर निवासी इकरामपुरा तथा तहसीम पुत्र बन्ना निवासी करबला रोड, बुढाना किसी बात को लेकर उसके घर पहुंच गए। आरोप है कि चारों आरोपियों ने घर में घुसते ही राशिद की पत्नी नाजमा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला को जमीन पर गिराकर पीटा गया। सूचना मिलने पर राशिद मजदूरी छोड़कर घर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान धारदार हथियार से उसके बाएं हाथ पर वार किया गया, जिससे उसकी एक उंगली कट गई और वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घायल राशिद ने उपचार के बाद कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीएचसी परिसर में किया मीठी छबील कैंप का आयोजन, मरीजों को पिलाया शीतल जल

**शामली।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार एवं स्वर्गीय भवर सिंह की स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली परिसर में मीठी छबील कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार तथा उनकी बहन एडवोकेट रजनी द्वारा किया गया। भीषण गर्मी में मरीजों और उनके तीमारदारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा शिविर में ठंडे और मीठे पानी का वितरण किया गया। डॉ. विजेंद्र कुमार ने अपने स्टाफ के साथ स्वयं अस्पताल में आने वाले मरीजों, तीमारदारों और अन्य लोगों को शीतल जल पिलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होने से कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। इस दौरान डॉ. विजेंद्र कुमार ने गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए डीहाइड्रेशन से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने महिलाओं को तेज धूप से बचने, संतुलित आहार लेने और समय-समय पर पानी पीते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार, डॉ. बिजेंद्र सिंह, हनीफ अहमद, कासिम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कैंप में बड़ी संख्या में मरीजों और तीमारदारों ने पहुंचकर शीतल जल ग्रहण किया।

## भीषण गर्मी में दी इंसानियत की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में युवा समाजसेवी खलील फरीदी अपने साथियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने स्वयं राहगीरों को शरबत वितरित किया। भीषण गर्मी के कारण परेशान होकर गुजर रहे लोगों ने शरबत पीकर राहत महसूस की और युवाओं की इस पहल की जमकर सराहना की। दोपहर के समय तेज धूप और उमस के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान प्रमुख समाजसेवी ख़लील फरीदी ने कहा कि वर्तमान समय में लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# कचोरीनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में देरी पर संतों की भूख हड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर स्थित प्राचीन कचोरी नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में लगातार हो रही देरी को लेकर मंगलवार सुबह संत समाज, गौ रक्षा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। महंत सतीश नाथ के नेतृत्व में मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु एकत्र हुए तथा निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही के खिलाफ नाराजगी जताई।

भूख हड़ताल पर बैठे संतों का कहना था कि मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। आरोप लगाया गया कि ठेकेदार द्वारा बार-बार निर्माण कार्य बंद और शुरू किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संत समाज ने चेतावनी दी कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महंत सतीश नाथ ने कहा कि कचोरी नाथ मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था और पहचान का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। वहीं गौ रक्षा कार्यकर्ताओं ने भी मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। इस दौरान ठेकेदार विशाल चौहान ने बताया कि मंदिर निर्माण का वर्क ऑर्डर प्राप्त हो चुका है और शेष कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। भूख हड़ताल के बीच अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा मंदिर पहुंचे और सोमवार से निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद संतों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी।

## संविदा चालकों की भर्ती के लिए 2 जून को लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहारनपुर क्षेत्र में संविदा आधारित चालकों की भर्ती के लिए आगामी 2 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। शामली रोडवेज डिपो प्रभारी राजेन्द्र चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेश सहित अन्य राज्यों में बस सेवाओं का संचालन कर रहा है, जिससे लाखों यात्रियों को सुगम, सुलभ एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम से हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है और कर्मचारी यात्रियों की सेवा में निरंतर तत्पर रहते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में परिवहन सेवाओं के विस्तार और रोजगार सृजन के उद्देश्य से सहारनपुर क्षेत्र में नई बसों को शामिल कर बस बेड़े को और मजबूत किया जाएगा। वर्तमान में सहारनपुर क्षेत्र के पास 658 निगम बसों का बेड़ा उपलब्ध है। संविदा चालकों के चयन के लिए 2 जून को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कार्यशाला, सहारनपुर डिपो, गिल कॉलोनी सहारनपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। आवेदक की लंबाई कम से कम 5 फुट 3 इंच होनी चाहिए तथा भारी वाहन चलाने का लाइसेंस कम से कम दो वर्ष पुराना होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह और अधिकतम 58 वर्ष निर्धारित की गई है।

### एक नजर

## उद्योग कार्यालय में स्टाफ नियुक्ति और विकास फंड जारी करने की मांग उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में औद्योगिक विकास से जुड़ी समस्याओं को लेकर उद्यमियों ने सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। साईंमां के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल ने लखनऊ में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। अंकित गोयल ने बताया कि शामली इंडस्ट्रियल एरिया में जिला उद्योग केंद्र का नया भवन तो बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक वहां स्थायी स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। इस कारण उद्यमियों को रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी मुजफ्फरनगर कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी हो रही है। उन्होंने यह भी मांग रखी कि औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत 5 करोड़ 2 लाख रुपये की राशि अब तक जारी नहीं की गई है, जिसके चलते कई परियोजनाएं रुकी हुई हैं। इसके अलावा सहारनपुर तिराहे से कैराना बाईपास तक प्रस्तावित लगभग 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण योजना का मुद्दा भी उठाया गया। यह सड़क करीब 22.5 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है, जिसे पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। भूपेंद्र चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने उम्मीद जताई कि स्टाफ नियुद्रि और फंड जारी होने से क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## इंस्टाग्राम पर हथियारों की फोटो भेजकर दी जान से मारने की धमकी

**कैराना।** गांव गोगवान निवासी उवैश पुत्र अरशद ने बताया कि गांव के ही उस्मान पुत्र जिशान, जिशान पुत्र शफी और नौशाद पुत्र शफी से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि 24 मई को दोपहर करीब एक बजे उसके मोबाइल पर उस्मान का फोन आया। बातचीत के दौरान आरोपी ने कोचिंग न आने के बारे में पूछने के बाद फोन काट दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसके कुछ देर बाद आरोपी ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से अवैध हथियारों की फोटो और वीडियो भेजे। साथ ही अक्कडियो संदेश के माध्यम से भूरा बाईपास पर बुलाते हुए उसे और उसके भाई सुहैल को गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। धमकी मिलने के बाद पीड़ित और उसका परिवार भयभीत हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर भेजे गए संदेशों और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बकरीद की सार्वजनिक छुट्टी 28 मई को घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के सार्वजनिक अवकाश को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन जारी किया है। पहले वर्ष 2026 की अवकाश सूची के अनुसार यह अवकाश 27 मई 2026 (बुधवार) को घोषित किया गया था, जो चंद्र दर्शन के आधार पर संभावित तिथि मानी गई थी। लेकिन अब प्रदेश में प्राप्त ताजा सूचना के अनुसार इस वर्ष ईद-उल-अजहा का पर्व 28 मई 2026 (गुरुवार) को मनाया जाएगा।

सरकारी आदेश के अनुसार अब पूरे प्रदेश में ईद-उल-अजहा का सार्वजनिक अवकाश 28 मई 2026 को लागू रहेगा। इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के सभी नागरिक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय, पर्व को सही तिथि पर पूर्ण धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ मना सकें। इस संबंध में जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में जारी सामान्य प्रशासन अनुभाग की अधिसूचना संख्या-671/तीन-2025-39(2)/2016 दिनांक 17 नवंबर 2025 को इस सीमा तक संशोधित माना जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों तथा संबंधित विभागों में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। राजधानी लखनऊ से जारी इस निर्णय के बाद अब पूरे प्रदेश में 28 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## आत्मचिंतन और सत्कर्म का बताया महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर स्थित दिगम्बर जैन धर्मशाला में आयोजित धर्मसभा में वाक्केसरी श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए आत्मचिंतन, सत्कर्म और संयमित जीवन का महत्व बताया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मुनिराज के प्रवचनों को श्रद्धापूर्वक सुना।

मुनिराज ने कहा कि मनुष्य का वास्तविक स्वरूप उसकी आत्मा का शुद्ध रूप है, जो उसे जीवन के सत्य और वास्तविक उद्देश्य से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि आत्मिक कल्याण की प्राप्ति सहज नहीं होती, इसके लिए निरंतर साधना, ध्यान और गुरुजनों के उपदेशों का अनुसरण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जन्म से पूर्ण ज्ञान लेकर नहीं आता, बल्कि निरंतर अभ्यास और प्रयास से ही अपने लक्ष्य तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य सुख की इच्छा तो करता है।

लेकिन कई बार पाप कर्मों में लिप्त रहकर भी पुण्य फल की अपेक्षा करता है, जबकि प्रकृति का नियम है कि व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। मुनिराज ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति को जीवन की सही दिशा बताया। उन्होंने कहा कि हिंसा, झूठ, चोरी और अन्य अनुचित कार्य अंततः दुख का कारण बनते हैं, जबकि शुभ कर्म जीवन में सुख और शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से अशुभ कर्मों का त्याग कर सत्कर्मों के मार्ग पर चलने का आहवान किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में जीवन के महत्व बताते हुए भक्ति का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** श्री शिव खाटू श्याम मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास स्वामी विवेकानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन के मूल्य और भगवान भक्ति का गहन संदेश दिया। कथा व्यास स्वामी विवेकानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ही सृष्टि के सृजन, पालन और संहारकर्ता हैं। मनुष्य का जीवन तभी सार्थक है जब उसका अधिकतम समय भगवान के चरणों में व्यतीत हो। उन्होंने कहा कि जीवन का हर पल अत्यंत कीमती है, इसलिए इसे व्यर्थ कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि मनुष्य को अपने जीवन को सत्संग, भजन, सेवा और अच्छे कर्मों में लगाना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा को कलयुग में जीवों के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग बताते हुए उन्होंने कहा कि यह कथा व्यक्ति को सही दिशा दिखाकर मोक्ष की ओर ले जाती है। कथा व्यास ने यह भी कहा कि इस संसार से व्यक्ति केवल अपने कर्मों के आधार पर ही विदा होता है, इसलिए हमेशा सद्कर्म करने चाहिए। भाग्य, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति प्राप्त करने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अत्यंत आवश्यक है। भगवान की भक्ति ही जीवन को भवसागर से पार लगाने का सबसे सरल और सशक्त माध्यम है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु प्रवचनों को सुनकर भावविभोर हो गए। इस धार्मिक आयोजन में डा. सुनील पंवार, अनिल कुमार, अवनीश आहुजा, राजकुमार रुहेला, देवेंद्र शर्मा, महीपाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया। पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

## खेत पर काम के दौरान चोरी हुई बाइक

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। खेत पर निर्माण कार्य के दौरान खड़ी की गई बाइक चोरी होने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भूरा निवासी मुंशाद पुत्र जाहिद ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि वह 10 मई को कैराना रोड स्थित गांव भूरा के जंगल में एक खेत पर स्विमिंग पूल निर्माण कार्य में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। उसने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल खेत के निकट खड़ी कर दी थी और काम में लग गया था। आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। जिसमे मुकदमा दर्ज कराया।

# नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले दो दिनों से चल रही नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को एडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई। हड़ताल समाप्त होने के बाद शहर में साफ-सफाई व्यवस्था फिर से सुचारू हो गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

हड़ताल के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी, जिससे गांधी चौक, नया बाजार, बड़ा बाजार, कबाड़ी बाजार, मोहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, रेलपार, आजाद चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए थे। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा था, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में पहले शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी थी। पहले दौर की वार्ता चेयरमैन और ईओ के बीच हुई, जो असफल रही। हड़ताल के दूसरे दिन भी सफाई व्यवस्था चरमरा गई, जिससे आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को देखते हुए संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसके बाद मंगलवार को एडीएम सत्येन्द्र सिंह, सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार और ईओ विनोद कुमार सोलंकी कर्मचारियों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं को सुना। कर्मचारियों ने मांग रखी कि नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन दिया जाए, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन मिले तथा संविदा कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। एडीएम ने कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को दस दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत कर समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारी संतुष्ट होकर काम पर लौट आए और हड़ताल समाप्त कर दी। इस दौरान यूनियन पदाधिकारी अमित तश्ैवर, विनोद निर्वाल, प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तश्ैवर, राजन पाहिवाल, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र झंझोट, जोगेश पाहिवाल, जितेंद्र चन्द्रा, दीपक चन्द्रा, सचिन तेश्वर और संजय बिडला सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली कार्यालय के बाहर पोल पर विद्युत तारों में लगी आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे रोड स्थित बिजली कार्यालय के बाहर लगे विद्युत पोल पर तारों में आग लग गई। इससे कई घंटे इलाके की आपूर्ति बाधित रही। लोगों ने बताया कि रेलवे रोड पर एक सप्ताह में तारों में आग लगने की यह तीसरी घटना है। जिसके चलते भीषण गर्मी में घंटों बिजली गायब रहती है। उन्होंने निगम अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## बिजली की तार टूटकर गिरा, लगी आग

**देवबन्द।** मोहल्ला खानकाह चौकी क्षेत्र के दारुल उलूम इलाके में मंगलवार की रात बिजली की तार टूटकर गिर गई। इसकी चपेट में आने से कई लोग बाल बाल बचे। स्थानीय लोगों के मुताबिक बिजली के पोल से तार के टकराने के कारण करीब दस मिनट तक आग लगती रही। बाद में लोगों ने लाइनमैन को फोन कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद आपूर्ति बंद कराई गई। देर रात तार को जोड़कर आपूर्ति को चालू किया गया।

# बलिदान हुए व्यापारी नेताओं को श्रद्धांजलि की अर्पित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की सभा में व्यापारियों के हित की लड़ाई लड़ते हुए बलिदान हुए व्यापारी नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित व्यापार मंडल कार्याल पर हुए कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक राज सिंघल ने कहा कि आज व्यापारी समाज को शासन प्रशासन में जो सम्मान और प्रतिनिधित्व मिल रहा है वह सब बलिदान हुए व्यापारी नेताओं की देन है, जिन्होंने धरने प्रदर्शन और लाठीचार्ज अथवा गोली चलने पर अपनी जान गंवाई है।

इनमें लखनऊ के हरीशचंद्र अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, बुलंदशहर के नित्यानंद कौशिक, प्रतापगढ़ के अशोक खंडेलवाल व शिव सिंह, कानपुर के लोकेश कुमार, एटा के मुन्ने मियां, जौनपुर के अशोक राय, गाजियाबाद के कमल जैन, कासगंज के रमेश बिंदल, हरिद्वार के अजय गुप्ता और राकेश पंवार मुजफ्फरनगर आदि शामिल हैं। इनके बलिदान को व्यापारी कभी भुला नहीं पाएंगे। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में नगराध्यक्ष अश्वनी मित्तल, सतवीर चौधरी, वरियाम खान, रविंद्र सिंह व अमित चौधरी आदि लोग संयुक्त रूप से शामिल रहे।

## आर्थिक रूप से सक्षम हर मुसलमान को कुर्बानी करना जरूरी: मदनी



**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम में एक अहम मजहबी फरीजा (धार्मिक कर्तव्य) है और शरीयत के अनुसार आर्थिक रुप से सक्षम हर मुसलमान पर कुर्बानी करना जरुरी है। उन्होंने मौजूदा हालात को देखते हुए मुसलमानों से सावधानी और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

मौलाना अरशद मदनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अकीदतमंद सोशल मीडिया पर कुर्बानी के मवेशियों की तस्वीरें वायरल करने से बचें, ताकि किसी तरह की गलतफहमी या विवाद पैदा न हो। साथ ही कुर्बानी के दौरान सरकारी गाइडलाइन का पालन करने और प्रतिबंधित मवेशियों की कुर्बानी न करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इस्लाम में प्रतिबंधित जानवरों के अलावा अन्य जायज चौपायों की कुर्बानी की अनुमति है, इसलिए मुसलमानों को विवादों से बचते हुए समझदारी से काम लेना चाहिए। यदि किसी क्षेत्र में उपद्रवी तत्व इस धार्मिक कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डालते हैं तो स्थानीय प्रशासन और क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों की मदद लेकर फर्ज अदा किया जाए।

# शव दफनाने को लेकर विवाद





**नहटौर।** ग्राम नकीबपुर खजूरी में देवस्थल की भूमि पर शव दफनाने को लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। कब्रिस्तान के बजाय देवस्थल की जमीन पर कब्र खोदे जाने के कारण यह स्थिति बनी। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले का समाधान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज गांव निवासी रशीद की मृत्यु के बाद उनके शव को दफनाने के लिए देवस्थल की भूमि पर खुदाई की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। विवाद की सूचना मिलते ही धामपुर सीओ अभय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह और कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तत्काल विवादित स्थल का मुआयना किया और मौके पर ही भूमि की पैमाइश (माप) करवाई। राजस्व विभाग की पैमाइश में यह स्पष्ट हो गया कि खुदाई वास्तव में देवस्थल की भूमि पर ही की जा रही थी।

प्रशासन के निर्देश पर पहले खोदी गई कब्र को बंद करवा दिया गया। इसके बाद, निर्धारित भूमि की निशानदेही की गई और शव को दफनाने के लिए दूसरी उपयुक्त जगह पर कब्र खोदी गई। प्रशासन की सक्रियता से यह विवाद समय रहते सुलझ गया और अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग ने पैमाइश कर विवाद का निपटारा करा दिया है।

# भैंसे की जगह खुद बुग्गी खींच रहा किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मटौरा मान से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया। यहां एक किसान भैंसे की जगह खुद बुग्गी खींचकर पशुओं के लिए चारा लाते हुए दिखाई दिया। यह दृश्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मटौरा मान निवासी भारतीय किसान यूनियन जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह आज अपने खेतों से पशुओं के लिए चारा लेकर घर लौट रहे थे। खास बात यह रही कि उनकी बुग्गी में भैंसे की जगह वह स्वयं उसे खींचते नजर आए। जब लोगों ने इसका कारण पूछा, तो उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने अपना भैंसा बेच दिया था और उससे मिली धनराशि गन्ने की खेती में लगा दी थी। लेकिन बीमारी और अन्य कारणों से गन्ने की फसल खराब हो गई, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और लागत तक वापस नहीं आ सकी।

उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण फिलहाल नया भैंसा खरीद पाना संभव नहीं है। हालांकि उनके पास ट्रैक्टर मौजूद है, लेकिन लगातार बढ़ते डीजल के दामों के चलते छोटे कामों के लिए ट्रैक्टर का उपयोग करना भारी पड़ रहा है। ऐसे में वह खुद ही बुग्गी खींचकर पशुओं के लिए चारा लाने को मजबूर हैं।

चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह सिर्फ उनकी मजबूरी नहीं, बल्कि बढ़ती महंगाई और खेती-किसानी की चुनौतियों का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग और ईंधन की बचत करने की अपील भी की।

गांव में यह दृश्य देखने वालों का कहना है कि यह तस्वीर किसानों की वर्तमान स्थिति को बयां करती है, जहां बढ़ती लागत, महंगा डीजल और फसल नुकसान जैसी समस्याओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यह घटना अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र हिमांशु कुमार को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे या मेरे परिवार के साथ कोई मतलब या वास्त किसी प्रकार का नहीं रहेगा।

सोनी राम पुत्र बाबूराम
निवासी ग्राम माया खेड़ी
थाना नागल जिला सहारनपुर

# खराब रैंकिंग पर कमिश्नर से जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, चकबन्दी कार्यों एवं वादों की प्रगति तथा कानून व्यवस्था की वुर्चअल समीक्षा सम्बंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार आज अपने कार्यालय कक्ष में सीएम डैश बोर्ड पर वर्चुअल बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में जनपद शामली को सी श्रेणी, जननी सुरक्षा योजना में सहारनपुर एवं मुजफ्फरनगर को सी श्रेणी तथा शामली को डी श्रेणी, फैमिली आईडी में मण्डल के तीनों जनपदों को सी श्रेणी, 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में सहारनपुर को सी श्रेणी, स्वच्छ भारत मिशन फेज 02 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में सहारनपुर एवं शामली को सी श्रेणी, पर्यटन में मुजफ्फरनगर को सी एवं सहारनपुर को डी श्रेणी, पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में मुजफ्फरनगर को डी एवं सहारनपुर को सी श्रेणी, आईसीडीएस पोषण अभियान में मुजफ्फरनगर एवं शामली को सी श्रेणी तथा सहारनपुर को डी श्रेणी, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम के निर्माण में मुजफ्फरनगर को डी श्रेणी, नई सड़कों के निर्माण में सहारनपुर एवं शामली को सी श्रेणी, सड़कों के अनुरक्षण में सहारनपुर को डी श्रेणी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। ए रैंक वाले अपनी रैकिंग यथावत बनाए रखें। विभाग कार्यशैली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें। मण्डलायुक्त ने विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने विद्युत विभाग को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किए कये कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषकों को नियमानुसार खाद का वितरण किया जाए। नहरों में टेल तक पानी सुनिश्चित किया जाए जिससे कृषकों को भूमि सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। डॉ. रूपेश कुमार ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। पर्यटन विभाग की योजनाओं के संबंध में अलग से बैठक करने एवं वन विभाग के मुद्दों पर डीएफओ को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कर करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा में उन्होने निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की जाए। कोर्ट से संबंधित पुराने वादों को अभियान चलाकर निस्तरित किया जाए। कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होने आगामी बकरीद के त्यौहार पर की गयी व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया एवं अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाए। कुर्बानी के बाद अवशेष का समुचित निस्तारण किया जाए। वर्चुअल बैठक में डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी सहारनपुर अरविन्द कुमार चौहान, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी शामली आलोक कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अभिनन्दन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर अनिरूद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शामली सत्येन्द्र सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, उप निदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला हिंसा व जेंडर समानता पर कार्यशाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के नवजनोदय इंटर कॉलेज प्रांगण में दिशा सामाजिक संगठन के तत्वाधान में महिला हिंसा एवं जेंडर समानता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में कॉलेज संस्थापक श्याम कुमार सैनी ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने महिला हिंसा एवं उनसे होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की अपील की। कार्यक्रम समन्वयक पी राम ने बताया कि यह संस्था क्षेत्र में गरीबों व शोषित एवं महिलाओं के हक अधिकारों के लिए 40 वर्षों से लगातार कार्य कर रही है। कोर्डिनेटर तसनीम बानो ने महिलाओं पर होने वाली हिंसा से संबंधित मामलों को साझा किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम पोश एक्ट 2013 पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। बबीता वर्मा ने महिला हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बताया। सुरेशों सैनी ने बताया कि हर महीने की 10 तारीख को दिशा प्रांगण एवं 20 तारीख को फील्ड के किसी भी गांव में महिला हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नारी अदालत का आयोजन किया जाता है। कार्यशाला में बृजेश सिंह, सुनील सैनी, अनिल कुमार, सोनू धीमान, सुभम कुमार, पद्म कुमार, मोहित कुमार, प्रवेश सैनी, निश्चिंत सैनी, साक्षी, आशा, मीनू, शिवानी, संजना, महक, आरती, सगुन तथा काजल आदि अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# कुरबानी का कोई बदल नहीं: मौलाना शमशीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना शमशीर कासमी व मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना ही सबसे अफजल है और कुर्बानी का कोई बदल के दौरान दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखा जाना चाहिए प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी बिल्कुल ना करें।



जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है जो हमारे नबी से हम तक पहुँची है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना ही सबसे अफजल है इसका कोई बदल नही है। जो लोग कुर्बानी का बदल बताते हैं वो गलत हैं। अगर कोई सदका और गरीबों की मदद करना चाहे वो अलग से करे। कुर्बानी का इससे कोई ताल्लुक नहीं। इसलिए हर साहिबे हैसियत कुर्बानी करे।

हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि कुर्बानी में किसी तरह का दिखावा मुनासिब नहीं है। साफ सफाई बहुत जरूरी है। कुर्बानी के बाद बचे अवशेष सड़कों पर या इधर उधर न फेंके बल्कि जमीन में दबा दें। उन्होने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी न करें बल्कि पर्दे के एहतिमाम करें। कुर्बानी के बाद गरीबों को अपने हिस्से में से तकसीम करें। उन्होंने कहा कि दूसरों की भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करें क्योंकि अच्छा अलखाक मुसलमान की पहली पहचान है।

## नलकूपों को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र की काली नदी चौकी क्षेत्र मे दीनदहाड़े चोरो ने कई नलकूपों को निशाना बनाते हुए स्टार्टर व केबल चोरी किए है। काली नदी चौकी से चंद कदम की दुरी पर यह घटना घटी है।

सतीश, ऋषिपाल, अशोक कुमार, संदीप, इरशाद, कुलदीप के नलकूपों से केबल, स्टार्टर चोरी हो गए। जब किसान अपने खेतो मे आए तो उन्होंने देखा बिजली उपकरण टूटे फूटे पड़े है। किसानो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वही दीनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से क्षेत्र के किसानों मे दहशत का माहौल बना हुआ है। महीने भर पहले भी दर्जनों ट्यूबबेलो पर चोरी की घटना घटी थी।

# जनगणना देश के विकास का महत्वपूर्ण आधार: मानवेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस डी एम बेहट मानवेन्द्र सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए नागरिकों को जनगणना की सही जानकारी देने का आह्वान करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है।



मंगलवार को उन्होंने तहसील सभागार में अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों, के साथ जनगणना कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने 20 जून तक शत प्रतिशत जनगणना का कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए है उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनगणना के कार्यों में लगे सभी कर्मचारी डोर टू डोर जाकर सही तरीके से जनगणना करे उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने परिवर और आवास से संबंधित सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को देकर उनका सहयोग करे जिस से आप की जनगणना सही हो सके। एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि इस दौरान प्रत्येक घर का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। उन्होने यह भी बताया कि कुल 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर लिए जाएंगे। इनमें मकान की स्थिति, उपयोग, निर्माण सामग्री और सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग की जानकारी भी ली जाएगी सभी क्षेत्र के नागरिक अपनी जनगणना के संबंध में सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को देकर जनगणना के कार्यों में उनका सहयोग करे। जनगणना समीक्षा के दौरान तहसीलदार विजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार (फैजाबाद) भूपेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार (मुजफ्फराबाद) देवेन्द्र प्रजापति, के अलावा राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## गाइडलाईन का करें पालन: मुफ्ती असजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मुफ्ती असजद ने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा कि कोई भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न करे।



मुफ्ती असजद ने ईद उल अजहा के मौके पर अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है जिसको हमारे नबी ने कायम रखा क्योंकि ये अहम फरीजा है। कुर्बानी के लिए नियत का पाक साफ होना जरूरी है। इसलिए कुर्बानी के दौरान ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी को कोई तकलीफ पहुंचे या कुर्बानी में कोई कमी आए। मुफ्ती असजद ने कहा कि कुर्बानी के मौके पर कोई भी प्रतिबंधित पशु न खरीदें न ही ऐसे पशु की कुर्बानी करे। जानवर की खरीद फरोख्त और लाने ले जाने के लिए कानून का पालन करें। शरीयत के मुताबिक कुर्बानी करें। पर्दे के एहतमाम करें, साफ सफाई रखें, बचे हुए अवशेष इधर उधर न फेंके बल्कि गड्ढे में दफन करें या नगर या ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्त गाड़ी में डालें। उन्होंने कहा कि अगर कोई भड़काने या उकसाने की बात करे तो फौरन पुलिस को सूचना दें। मुफ्ती असजद ने कहा कि शरीयत में कुर्बानी के लिए जो नियम बताए गए हैं वही आज हुकूमत की गाइडलाइन है इसलिए गाइडलाइन का पालन करें।

# सात समस्याओं में से एक का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज आयी सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया गया। जबकि बाकि समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



वार्ड 52 लिंक रोड निवासी डॉ. स्वर्णजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उनके घर से दूर रखा कूड़े का कंटेनर कई वर्षो से उके घर बहुत दूर रखा था जिसे गत दिवस उठाकर उनके गेट के सामने रख दिया गया। इस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व अन्य अधिकारियों को निर्देश देकर उक्त कंटेनर उनके गेट के सामने से हटवाते हुए समस्या का समाधान करा दिया। वार्ड 23 लोहानी सराय निवासी विशाल ने लोहानी सराय में सरकारी लीज की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने प्रभारी प्रवर्तन दल को स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल ने साउथ सिटी में जंगली झाड़ियों एवं नालियों की सफाई कराने, वार्ड 13 चकहरेटी निवासी हरीश कुमार ने एलईडी लाइट ठीक कराने, वार्ड 8 बेहट रोड गोपालपुर निवासी प्रदीप कुमार ने खराब हैंडपम्प ठीक कराने तथा वार्ड 2 पवन विहार मल्हीपुर रोड निवासी कुलवीर ने उसके घर के बाहर अवरोधित सीवर लाइन खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 24 गोविंद नगर निवासी राजन ने भी माता पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की फाइल में लगे दस्तावेजों की छाया प्रति उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महंगाई से जनता परेशान: बासित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी अब्दुल बासित ने कहा कि पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई और बढ़ रही है जिससे आम जनता परेशान हो गई है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व भावी चेयरमैन पद प्रत्याशी काजी अब्दुल बासित ने कहा कि चंद रोज में ही पेट्रोल डीजल के दाम तीन बार बढ़ाए जा चुके हैं।यह पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब मजदूर और आम आदमी के लिए बड़ा झटका है।जब इन चीजों के दाम बढ़ते हैं तो उसका असर खाने पीने की चीजों से लेकर हर चीज पर पड़ता है।गैस सिलेंडर पर भी पिछले दिनों 60 रुपये बढ़ाए गए थे।लगातार मूल्य व्रद्धि से फल सब्जियों के रेट तक बढ़ चुके हैं।जबकि उसके अनुसार मजदूरी नहीं बढ़ रही है। काजी अब्दुल बासित ने कहा कि इस मूल्य व्रद्धि का असर किसानों पर भी पड़ रहा है।किसान की फसलों की लागत बढ़ रही है।काजी अब्दुल बासित ने कहा कि सरकार को मूल्य व्रद्धि पर नियंत्रण करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार डीजल पेट्रोल जैसे पदार्थों पर सरकारी टैक्स कम करके इनकी कीमतों को नियंत्रित कर सकती है।डीजल पेट्रोल के दाम होने से किसानों, गरीबों, मजदूरों और आम आदमी को राहत मिलेगी और महंगाई पर भी लगाम लगेगी।

# ईद उल अजहा को लेकर गौरक्षा दल का ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** राष्ट्रीय गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओ ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौप ईद उल अजहा के त्यौहार पर असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी किये जाने की मांग की।

मंगलवार को ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय गौरक्षा दल कार्यकर्ताओ ने कहा कि ईद उल अजहा के त्यौहार पर प्रशासन हिन्दुओ की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सुनिश्चित करें कि सम्पूर्ण क्षेत्र मे जहां पर भी कुर्बानी होती है वहां कुर्बानी बाद जानवरो के अवशेषों को खुले मे ना फेके जाये, अपितु गड्ढे में दबाया जाये। क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाए। वहीं उन्होंने मांग की, ईद की नमाज सड़को पर न पढ़ी जाए, ईदगाह अथवा निर्धारित स्थान पर ही पढ़ी जाये। इस दौरान गौ रक्षा दल संगठन के सभी कार्यकर्ताओ ने पुलिस प्रसाशन का सहयोग करने ओर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया।

ज्ञापन सौंपने वालो में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष महाराज, सार्थक, शुभम, अंशुल उपाध्याय, अमन व प्रियांश आदि रहे।

## नाबालिग को ले जाने का आरोप

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित ने बेहट निवासी युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर फरार कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

गांव निवासी पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री विगत 22 मई रात्रि को अपने परिवार के साथ घर पर सो गई थी। लेकिन 23 मई की सुबह जब वह उठा तो उसने देखा कि उसकी बेटी अपनी चारपाई पर नही है। पीड़ित ने बताया कि पहले तो उसने सोचा कि बेटी शौच के लिए गई होगी। लेकिन काफी समय बीत जाने पर भी जब वह वापस नहीं आई तो उसने आसपास अपनी बेटी की खोजबीन व पूछताछ करनी शुरू कर दी। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवक सोनू राजपूत पुत्र नामालूम निवासी ग्राम जसमौर थाना बेहट जिला सहारनपुर के साथ उसने अपनी बेटी को फोन पर बाते करते हुए पकड़ा था। आरोपी सोनू राजपूत ही उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ फरार कर ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसे डर है कि आरोपी उसकी बेटी के साथ गलत हरकत भी कर सकता है। पीड़ित ने आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा उसकी बेटी का पता लगाकर सकुशल बरामद किए जाने की गुहार लगाई है।

## सामाजिक सौहार्द से मनाएं ईद: मौ. अतहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ईद उल अजहा के पावन अवसर पर कांग्रेस नेता मोहम्मद अतहर ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्व को धार्मिक भावना स्वच्छता, संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं।



मोहम्मद अतहर ने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण और मानवता का पर्व है प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कुर्बानी एवं अन्य धार्मिक कार्यों को निर्धारित नियमों के अनुसार ही संपन्न किया जाए।

मोहम्मद अतहर ने विशेष रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे कुर्बानी के अवशेषों का उचित निस्तारण किया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचा जाए मोहम्मद अतहर ने नागरिकों से प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है ईद की खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करें और समाज में प्रेम, करुणा तथा सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि इस्लाम स्वच्छता, अनुशासन और पड़ोसियों के अधिकारों की शिक्षा देता है। इसलिए ईद के अवसर पर विशेष सावधानी बरतते हुए आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखा जाए।

# अटल घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** गंगा दशहरा पर्व पर शाहजहांपुर स्थित यमुना नदी के अटल घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना में पवित्र डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।



सोमवार सुबह से ही शाहजहांपुर, झरौली, बहलोलपुर, असदपुर, भिक्कनपुर, कुतुबपुर सहित नकुड़, सहारनपुर व हरियाणा क्षेत्र से महिला, पुरुष और बच्चे यमुना घाट पहुंचने शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान के बाद मेले का आनंद लिया और धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्रवासियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठे जल की छबील एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शाहजहांपुर स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को शीतल जल व प्रसाद वितरित किया गया। वहीं नकुड़ क्षेत्र के भक्तों द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी कराया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। थाना प्रभारी प्रवेश कुमार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह तोमर, पुलिस टीम, पीएसी जवान, फायर ब्रिगेड टीम एवं गोताखोरों की टीम नाव के साथ तैनात रही। पुलिस द्वारा लगातार श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की अपील की जाती रही तथा संदिग्ध व शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी गई। एसपी देहात एवं सीओ नकुड़ ने भी यमुना घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी के चलते गंगा दशहरा मेला देर शाम सकुशल सम्पन्न हो गया।

## भागते समय बाइक की चेन उतर जाने पर चोरों को ग्रामीणों ने घेरा, हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मेंन बाजार में दुकान के सामने रखा तिरपाल का बंडल दिनदहाड़े ही चोरी करके भाग रहे बाईक सवार चोर बाईक की चैन उतर जाने पर खुद को घिरता हुआ देख बाईक को वहीं पर छोड़कर मौके से फरार हो गए।

सुलतानपुर नगर में सुरेश सरोहा बांस, तिरपाल व बागों में प्रयोग होने वाले समान की दुकान चलाते है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र नसीम को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए हैं भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुलेमान पुत्र जुम्मा शाह निवासी मोहल्ला इलाही बख्श थाना व कस्बा गंगोह तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग Nasir Ahmad दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग Nasir Ahmed है। मेरे पिता का नाम Yamin दर्ज है, जबकि सही नाम Yamin Ahmed है। भविष्य में मुझे सही नाम से जाना जाए।

**नसीर अहमद पुत्र यामीन अहमद हाउस नं. नकुर रोड बांदूखेरी, फन्दपुरी सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001**

**महाराज सिंह कालेज, सहारनपुर**

विज्ञापन संख्या 2/2026, **आवश्यक सूचना** दिनांक 27 मई 2026

**महाविद्यालय में निम्नलिखित स्थायी रिक्त पदों के लिये ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

1. **पुस्तकालय लिपिक-** एक पद (अन्य पिछडा वर्ग), **वेतनमान-** रू 5200-20200, ग्रेड पे रु० 2000/- (Pre-revised) / लेवल-3 (Revised) प्रारंभिक मूल वेतन रु० 21,700/- एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता-** इण्टरमीडिएट तथा भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में 06 माह का प्रमाण पत्र तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOAECC) सोसायटी परिवर्तित नाम NIELIT द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।
2. **प्रयोगशाला सहायक (वनस्पति विज्ञान विभाग)-** एक पद (अन्य पिछडा वर्ग), **वेतनमान-** रु 5200-20200, ग्रेड पे रु० 2000/- (Pre-revised) / लेवल-3 (Revised) प्रारंभिक मूल वेतन रु० 21,700/- एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता-** वनस्पति विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा उर्तीण हो तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOAECC) सोसायटी परिवर्तित नाम NIELIT द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।
3. **प्रयोगशाला सहायक (प्राणी विज्ञान विभाग) -**एक पद (अनारक्षित), **वेतनमान-** रू 5200-20200, ग्रेड पे रु० 2000/-(Pre-revised) / लेवल-3 (Revised) प्रारंभिक मूल वेतन रु० 21,700/- एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता-** प्राणी विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा उर्तीण हो तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOAECC) सोसायटी परिवर्तित नाम NIELIT द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।
4. **प्रयोगशाला सहायक (भौतिक विज्ञान विभाग)-** एक पद (अनारक्षित), **वेतनमान-** रु 5200-20200, ग्रेड पे रु० 2000/- (Pre-revised) / लेवल-3 (Revised) प्रारंभिक मूल वेतन रु० 21,700/- एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता-** भौतिक विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा उर्तीण हो तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOAECC) सोसायटी परिवर्तित नाम NIELIT द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।
5. **प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान विभाग)-** एक पद (अनारक्षित), **वेतनमान-** रू 5200-20200, ग्रेड पे रु० 2000/- (Pre-revised) / लेवल-3 (Revised) प्रारंभिक मूल वेतन रु० 21,700/- एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता-** रसायन विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा उर्तीण हो तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOAECC) सोसायटी परिवर्तित नाम NIELIT द्वारा प्रदत्त सीसीसी (CCC) प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।

**आयु-** उपरोक्त सभी पदों हेतु आयु 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु की गणना 01 जुलाई 2026 के अनुसार की जाएगी। अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष, जिसमें सीधी भर्ती के लिए रिक्तियां प्रकाशित की जाएं, पहली जुलाई (01 जुलाई 2026) को क्रमशः 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो, परन्तु 40 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो। परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित कि जाए, अभ्यर्थियों की दशा में, उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाए।

इच्छुक अभ्यर्थी स्वहस्तलिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र / बायोडाटा, फोटो, निम्न विवरण के साथ (आवेदित पद का नाम, अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति/वर्ग का नाम, समस्त शैक्षिक विवरण, अनुभव विवरण आदि) सम्बन्धित स्वहस्ताक्षरित पत्राजातों एवं रु० 500/- का डिमान्ड ड्राफ्ट जो PRINCIPAL, MAHARAJ SINGH COLLEGE, SAHARANPUR के नाम से सहारनपुर में देय हो, सहित प्राचार्य, महाराज सिंह कालेज, सहारनपुर को केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा विज्ञापन की तिथि से 21 दिन के अन्दर प्राचार्य कार्यालय में हर दशा में प्राप्त हो जाने चाहिये, इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अलग-अलग पदों हेतु अलग-अलग आवेदन किए जाएंगे एवं अलग-अलग डिमान्ड ड्राफ्ट जमा किया जाएगा।

(प्राचार्य) (सचिव)

# RCB ने प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## गुजरात को 255 रन का टारगेट दिया, पाटीदार के नाबाद आतिशी 93 रन



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 255 रन का टारगेट दिया है। गुजरात ने धर्मशाला में टास जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। यह प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात के नाम था, जिसने 2023 में क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 233/3 रन बनाए थे। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। शुरुआत में वेंकटेश अय्यर ने 7 गेंदों में 19 रन की तेज पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 25 गेंदों में 43 और क्रुणाल पंड्या ने 28 गेंदों में 43 रन बनाए। अंत में जितेश शर्मा ने 5 गेंदों पर 15 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए। आखिरी ओवर में रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने मिलकर 19 रन बटोरे और बेंगलुरु को 254/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार ने ओवर में दो छक्के लगाए और 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाकर लौटे। प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड को बोल्ड कर दिया। फुल लेंथ गेंद पर डेविड बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। टिम डेविड 5 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रजत पाटीदार ने सिर्फ 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। रबाडा की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर पाटीदार ने पुल शाट खेलते हुए गेंद को डीप मिड-विकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। रबाडा ने वापसी करते ही आरसीबी को झटका दिया। स्लोअर शार्ट गेंद पर क्रुणाल पंडड्या पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टाप एज लेकर डीप मिड-विकेट की ओर चली गई। वहां मौजूद साई सुदर्शन ने दबाव में शानदार कैच लपका। क्रुणाल 28 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कुलवंत का 28 रन वाला ओवर आईपीएल प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले सबसे महंगा ओवर 2014 के क्वालिफायर-2 में परविंदर अवाना ने डाला था, जब पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े में 33 रन खर्च किए थे। 15वें ओवर में आरसीबी ने मैच का मोमेंटम पूरी तरह अपनी तरफ कर लिया। रजत और क्रुणाल ने कुलवंत के ओवर में 28 रन बना डाले। ओवर में नो-बाल, वाइड और लगातार बाउंड्री की बारिश देखने को मिली। पाटीदार ने आखिरी तीन गेंदों पर चौका, छक्का और चौका लगाकर लगाया। 15 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 168/3 हो गया। 7 से 13 ओवर के बीच आरसीबी को दो बड़े झटके भी लगे। विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे, लेकिन होल्डर ने उन्हें 43 रन पर आउट कर मैच में वापसी कराई। इसी ओवर में होल्डर ने पडिक्कल को भी पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में 13 रन बने।

## अक्षय व विक्की ने फ्रीस्टाइल में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के फ्रीस्टाइल पहलवानों अक्षय टी-धेरे और विक्की ने सोमवार को वियतनाम के दा नांग में अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। अक्षय ने 57 किंग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान के एलेमान अमंगेलदी को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इसके तुरंत बाद, विक्की ने 97 किंग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव को 7-5 से हराकर भारतीय खेमे की खुशी दोगुनी कर दी और पोडियम पर शीर्ा स्थान हासिल किया। 53 किंग्रा के फाइनल में, मुस्कान ने वियतनाम की थी माई लिन्ह गुएन के खिलाफ मुकाबले पर पूरा नियंत्रण रखा और 6-2 से आसान जीत दर्ज कर खिताब जीता। 57 किंग्रा वर्ग में तपस्या का प्रदर्शन और भी शानदार रहा( उन्होंने कजाकिस्तान की अल्टीन शागाएवा पर 4-0 की बढ़त बनाते हुए 'बाय फॉल' (पिन करके) जीत हासिल की और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, महाद्वीपीय स्तर पर दो फ्रीस्टाइल गोल्ड जीतना एक शानदार उपलब्धि है और यह अक्षय और विक्की की बेहतरीन रणनीति का सबूत है। उन्होंने पूरे दिल से मुकाबला किया। मैं हमारी महिला पहलवानों के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में फाइनल तक पहुंचने के लिए जबरदस्त जुझारूपन दिखाया है। यह शानदार प्रदर्शन साबित करता है कि भारतीय कुश्ती का भविय बहुत सुरक्षित हाथों में है, और मैं पूरी टीम को देश के लिए इतना गौरव लाने पर बधाई देता हूं। भाग्यश्री एच- फांड ने 62 किंग्रा वर्ग में भारत की मेडल तालिका में एक और गोल्ड जोड़ा, उन्होंने खिताबी मुकाबले में किर्गिस्तान की टिनिस डुबेक को 4.0 से हराया।

### खेल विशेष

## खिताब बचाने का दबाव सोच बदल देता है: जितेश शर्मा

**नागपुर, वार्ता।** आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग (वीपीएल) टी20 सीजन से पहले गत विजेता नीको मास्टर ब्लास्टर के कप्तान जितेश शर्मा ने खिताब बचाने के दबाव, लगातार सफलता के लिए जरूरी मानसिकता और इस सीजन खिलाड़ियों से अपनी उम्मीदों को लेकर खुलकर बात की। पिछले सीजन टीम को चैंपियन बनाने वाले जितेश का मानना है कि किसी खिताब का बचाव करना, उसे जीतने की को.शिश करने से बिल्कुल अलग मानसिक चुनौती होती है। उन्होंने कहा, बात अगर टाइटल डिफेंड करने की हो तो अतिरिक्त दबाव आ ही जाता है।मुझे लगता है कि जब आप किसी चीज का पीछा करते हैं, तो हमेशा सोचते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए। इससे आपकी मानसिकता बदल जाती है। उन्होंने आगे कहा, जब आप जीतने या ट्रॉफी हासिल करने के लिए खेलते हैं।

## धवल कुलकर्णी बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के हेड कोच

**(महाराष्ट्र), वार्ता।** आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लंबा अनुभव रखने वाले पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। पिछले सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स इस बार उनके मार्गदर्शन में खिताबी जंग के लिए लघ्ती नजर आएगी। हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद धवल कुलकर्णी ने टीम के साथ जुड़ने और खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अब तक का अनुभव बहुत अच्छा रहा है, टीम का हर खिलाड़ी उत्साहित है और अपना सर्वश्रेठ देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## विजय एलपीएल में शामिल हुए, मोईन व शाकिब अल हसन मुख्य आर्कार्ण

**कोलंबो, वार्ता।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने 1 जून को होने वाले सीजन 6 के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले, अपने मुख्य खिलाड़ियों की एक सितारों से सजी सूची जारी की है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर का है, जो आने वाले सीजन के लिए इस टूर्नामेंट में शामिल होने जा रहे हैं। इंग्लैंड के मोईन अली और बंगलादेश के स्टार खिलाड़ी शाकिब अल हसन भी उन बड़े नामों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी अब लीग के छठे संस्करण के लिए अपनी मुख्य टीमों को अंतिम रूप दे रही हैं, यह लीग 17 जुलाई से 8 अगस्त तक पूरे श्रीलंका में खेली जाएगी। शंकर, जिन्होंने 2019 के वैश्विक क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और टूर्नामेंट में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लिया था, रॉयल्स टीम में अपना व्यापक अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लेकर आए हैं।

## भारत ने मालदीव को 11.0 से रौंदा

**मडगांव (गोवा)वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला टीम ने यहां पीजेएन स्टेडियम में ग्रुप बी में मालदीव के खिलाफ 11-0 की शानदार जीत के साथ अपने 2026 सैफ महिला चैंपियनशिप अभियान की जोरदार शुरुआत की। गोवा में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलते हुए, 'ब्लू टाइग्रेस' ने सोमवार रात शुरू से अंत तक शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों टीमों के बीच के अंतर को साफ कर दिया, फीफा महिला रैंकिंग में भारत 69वें स्थान पर है, जबकि मालदीव 167वें स्थान पर। इससे पहले दिन में, नेपाल ने ग्रुप । के मुकाबले में भूटान को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। अवेका सिंह ने चार गोल करके शानदार प्रदर्शन किया, जबकि प्रियंका देवी नोरेम और करिश्मा शिरवोइकर ने दो-दो गोल किए। प्यारी खाखा, ग्रेस डांगमेई और संगीता बसफोरे ने भी गोल किए।

# एक-दूसरे को एलिमिनेट करने उतरेंगे RR व SRH

- राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी व हैदराबाद के अभिषेक शर्मा की देखने को मिलेगी टक्कर
- जोफ्रा आर्चर व पेट कमिंस के गेंदबाजी की भी होगी अग्नि परिक्षा



**मुल्लांपुर, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का एलिमिनेटर मुक.ाबला एक हाई-वोल्टेज टक्कर बन गया है, जिसमें दो बिल्कुल अलग ताकतें आमने-सामने हैं: एक तरफ निडर युवा जोश और दूसरी तरफ बेमिसाल ताकत। इस मुकाबले के केंद्र में एक ऐसी कहानी है जिसने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है,

एसआरएच के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी, और हैदराबाद के टॉप ऑर्डर के साथ जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी की टक्कर। मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत हासिल करके प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद, राजस्थान की टीम पूरे जोश के साथ इस नॉकआउट मैच में उतर रही है। उनका यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन लीग-स्टेज के आखिरी दौर में उनकी शानदार वापसी ने टीम में फिर से जीत का भरोसा जगा दिया है। इस वापसी का काफी श्रेय सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी को जाता है, जो इस टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक युवा खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। सूर्यवंशी के इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ खेली गई एक शानदार शतकीय पारी भी शामिल है, यह एक ऐसी पारी थी जिसने अहम मौकों पर एसआरएच की गेंदबाजी की कमजोरियों को उजागर कर दिया था। अब, एलिमिनेटर मुकाबले के रूप में एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस बार दांव पर बहुत कुछ लगा है, और एसआरएच की टीम यह पक्का करना चाहेगी कि पिछली बार जैसी हार या पतन दोबारा न हो। इस युवा बल्लेबाज की तेज और स्पिन, दोनों तरह की गेंदों का सामना करने की काबिलियत ही उसे राजस्थान की आगे बढ़ने की उम्मीदों का सबसे अहम खिलाड़ी बनाती है। कहानी के दूसरी तरफ आर्चर खड़े हैं, राजस्थान की गेंदबाजी के मुख्य हथियार और इस टूर्नामेंट के पावरप्ले में सबसे खतरनाक गें.दबाजों में से एक। एसआरएच की तूफानी सलामी जोड़ी-अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड-को रोकने में आर्चर की भूमिका बेहद अहम होगी, ए दोनों इस सीजन की सबसे खतरनाक साझेदारियों में से एक रहे हैं। एसआरएच की बल्लेबाजी का मूल मंत्र ही शुरुआत से ही आक्रामक खेलना है, और आर्चर की सटीक गेंदबाजी और रफ्तार ही यह तय करेगी कि मैच पर उनका दबदबा रहेगा या वे दबाव में आकर बिखर जाएंगे। हैदराबाद की टीम लीग-स्टेज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस मैच में उतर रही है। उनकी बल्लेबाजी लाइनअप बेहद मजबूत है, जिसमें उनके आक्रामक सलामी बल्लेबाजों के अलावा हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। विशाल स्कोर खड़ा करने या बड़े से बड़े लक्ष्य का पीछा करने की उनकी काबिलियत ने उन्हें इस टूर्नामेंट की सबसे खौफनाक बल्लेबाजी टीमों में से एक बना दिया है। हालांकि, टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों पर उनकी अत्यधिक निर्भरता उन्हें कमजोर भी बना सकती है-खासकर तब, जब शुरुआत में ही विकेट गिर जाएं। वहीं दूसरी ओर, राजस्थान की टीम ने हाल के मैचों में अधिक संतुलित और सधी हुई रणनीति अपनाई है। हालांकि उनकी बल्लेबाजी सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के इर्द-गिर्द घूमती रही है, वहीं आर्चर, नांद्रे बर्गर और बहुमुखी स्पिन गेंदबाजी की अगुवाई में उनके गेंदबाजी आक्रमण ने करो या मरो के मैचों में दबाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

# स्वियातेक, रायबाकिना आसानी से आगे बढ़ीं, वावरिका, मोंफिल्स ने संन्यास लिया

- ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया



**पेरिस, वार्ता।** चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक और ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता एलेना रायबाकिना सोमवार को रौलां गैरो में दूसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि अनुभवी खिलाड़ी स्टैन वावरिका और गइल मोंफिल्स ने संन्यास की घोाणा कर दी।

तीसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक, जो राफेल नडाल के लंबे समय के मेंटर फ्रांसिस रोइग के साथ कोचिंग साझेदारी शुरू करने के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही थीं, ने ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया। वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त रायबा.कना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवेनिया की वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से मात दी। महिलाओं के अन्य मैचों में, हाल ही में रोम चैंपियन बनीं एलिना स्वितोलिना ने संघा करते हुए हंगरी की अन्ना बोंडार को हराया, जबकि फ्रेंच ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओ.लिनी, कैरोलिना मुचोवा और जेलेना ओस्तापेंको भी अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुों के ड्रॉ में, दो बार के फ्रेंच ओपन उपविजेता कैस्पर रूड, बेन शेल्टन, एलेक्स डी मिनौर और आंद्रेई रुब्लेव सभी दूसरे दौर में पहुंच गए। चीन के वू यिबिग ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 2 घंटे 12 मिनट में 7-5, 6-2, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन में अपने करियर की पहली मुख्य-ड्रॉ जीत हासिल की। वू का अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली से होगा। उसी दिन, वावरिका और मोंफिल्स दोनों ने फ्रेंच ओपन को अलविदा कह दिया, क्योंकि वे पहले दौर में ही हार गए थे। कोर्ट पर रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच की ओर से भेजे गए वीडियो संदेशों के जरिए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

# ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में स श्याम लाल का निधन

**नई दिल्ली।** श्याम लाल मीणा, जो सोल 1988 में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 61 वर्ा के थे। भारतीय तीरंदाज ने अपनी तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती होने पर अंतिम सांस ली।

वे पिछले कुछ सालों से लिवर से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। 4 मार्च 1965 को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवडिया गांव में जन्मे श्याम लाल मीणा ने बहुत ही साधारण शुरुआत से उठकर भारतीय तीरंदाजी के अग्रदूतों में से एक बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने आर्थिक तंगी के बीच पारंपरिक बांस के धनु से अभ्यास करना शुरू किया, लेकिन उनकी प्रतिभा जल्द ही निखर उठी और उन्हें सरकार की 'स्पेशल एरिया गेम्स' योजना के संरक्षण में एक उच्च-स्तरीय तीरंदाज के रूप में विकसित होने का मौका मिला।

श्याम लाल मीणा भारतीय पुरुषों की रिकर्व तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, जिसमें उनके साथ दिग्गज लिम्बा राम और रजत हलदर भी शामिल थे, इस टीम ने कोलकाता में आयोजित 1987 एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसे भारतीय तीरंदाजी के इतिहास में पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय पदक माना जाता है। इस पदक जीत के साथ ही भारत ने सोल 1988 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो ग्रीमकालीन खेलों में भारतीय तीरंदाजी की पहली उपस्थिति थी। श्याम लाल ने ट्रायल्स के माध्यम से सोल जाने वाली अंतिम टीम में भी जगह बनाई, और लिम्बा राम तथा संजीव सिंह के साथ मिलकर ओलंपिक में भारत की पहली तीरंदाजी टीम का गठन किया। सोल 1988 में व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन राउंड में वे 71वें स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी 20वें स्थान पर रही। वर्ा 1989 में, भारतीय तीरंदाजी में उनके अमूल्य योगदान के लिए श्याम लाल मीणा को प्रतिठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, जो भारत के सर्वोच्च खेल सम्मानों में से एक है। अपने करियर के दौरान, श्याम लाल मीणा ने कई अंतर्राट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और राजस्थान तथा पूरे देश में तीरंदाजी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिस्पर्धी खेलों से संन्यास लेने के बाद भी, वे बांसवाड़ा के जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में तीरंदाजी कोच के रूप में इस खेल से घनिठ रूप से जुड़े रहे, जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारा।

# भारत की हॉकी टीमें अंडर-18 एशिया कप के लिए जापान रवाना



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के काका.मिगहारा के लिए रवाना हो गई हैं। ए टीमें अंडर-18 एशिया कप 2026 में हिस्सा लेंगी, जो 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित किया जाएगा। पुरु टीम सोमवार शाम को रवाना हुई,

जबकि महिला टीम मंगलवार सुबह नई दिल्ली से रवाना हुई। दोनों टीमें गहन राट्रीय कोचिंग शि.विरों के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही हैं। इन शिविरों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच भी शामिल थे,

जिनका मकसद एशिया की सर्वश्रेठ उभरती हॉकी प्रतिभाओं के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करना है। अंडर-18 पुरु और महिला दोनों टीमों के लिए एक महीने लंबे राट्रीय शिविर साई, भोपाल में स्थित उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल सेंटर में आयोजित किए गए थे। जहां पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ में सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल हैं, वहीं महिला टीम की कोच रानी हैं।

अपनी तैयारियों के हिस्से के तौर पर, भारत की पुरु और महिला टीमों ने भोपाल में एक 'एक्सपोजर टूर' के तहत, दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की एक हाई-प्रोफाइल सीरीज खेली। भारत की पुरु टीम ने एक मैच जीता और एक हारा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे।

# पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में इंग्लिश करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया इस सप्ताहांत से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अपने चौथे कप्तान को मैदान में उतारेगा, क्योंकि मिच मार्श दौरे से बाहर होने वाले ताजा सीनियर खिलाड़ी बन गए हैं।

जोश इंगलिस तीन मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि पता चला है कि मार्श को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टखने में चोट लग गई थी। 50 ओवर के कप्तान पैट कमिंस और उनके उप-कप्तान ट्रैविस हेड - जिन्होंने टी-20 में चार बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की है, दोनों ही आईपीएल प्लेऑफ के कारण इस दौरे पर मौजूद नहीं हैं, क्योंकि आईपीएल के मैच इस्लामाबाद और लाहौर में होने वाले मैचों के साथ ही पड़ रहे हैं। ऐसे में कप्तानी की बागडोर इंग.लिस के हाथों में आ गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2024 में भी एक बार यह भूमिका निभाई थी, तब भी पाकिस्तान के खिलाफ ही, और तब भी जब टीम के कई मुख्य खिलाड़ी अनुपस्थित थे। मार्श, जिनकी जगह वनडे टीम में अभी तक किसी और को नहीं लिया गया है,

पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स का आईपीएल का आखिरी मैच न खेल पाने के बाद घर लौट आए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने कहा, मार्श--- आगे की जांच और इलाज के लिए अगले आदेश तक पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के 'व्हाइट बॉल' (सीमित ओवरों के) दौरे के लिए उनकी उपलब्धता पर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। कमिंस के साथ-साथ जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क भी पाकिस्तान और बांग्लादेश, दोनों ही दौरों से बाहर रहेंगे। आईपीएल खत्म होने के बाद ट्रैविस हेड बांग्लादेश में टीम के साथ जुड़ेंगे।

# चार मृतकों के परिजनों को सौंपे आर्थिक सहायता के चेक

## सांसद इकरा हसन, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, विधायक आशु मलिक, उमर अली खान ने जताई संवेदना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में अलग-अलग घटनाओं में मृतकों के परिजनों को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा प्रतिनिधि मण्डल ने आर्थिक सहायता के चेक प्रदान कर हरसभंव मदद का आश्वासन दिया।

आज अम्बाला रोड स्थित सपा कार्यालय पर चारों घटनाओं में मृतकों के परिवारों से मिलकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से संवेदना प्रकट की तथा पार्टी की ओर से कश्यप समाज के तीन पीड़ित परिवारों को 1-1 लाख रुपये तथा बीएलओ धूम सिंह के परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक सौंपे। गौरतलब रहे कि ग्राम मोहम्मदपुर कंधेला निवासी रोहित



कश्यप को दबंगों द्वारा गला दबाकर मारने के बाद पेट्रोल पेट्रोल से जला दिया गया। नकुड़ विधानसभा के ग्राम छापुर निवासी रवि कश्यप की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसी तरह तीसरी घटना में देहात विधानसभा के ग्राम चक हरेटी निवासी सुमित कश्यप की भी सड़क दुर्घटना एमएनआर मृत्यु हो गई थी। चौथी घटना में सहारनपुर की देहात विधानसभा के ग्राम सुभरी महराब निवासी कांशीराम के पुत्र धूम सिंह बीएलओ का दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया था। इस दौरान कैराना सांसद इकरा हसन, पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान, देहात विधायक आशु मलिक, बेहट विधायक उमर अली खान, जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद व पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों की आला. चना करते हुए कहा कि ये सरकार पीडीए समाज के लोगों ओर अत्याचार की हद पार कर चुकी है। आने वाला कल केंद्र व प्रदेश सरकारों के अंत का है। इस दौरान संदीप सैनी विधानसभा अध्यक्ष नकुड़, रागिब अली विधानसभा अध्यक्ष बेहट साजिद चौधरी, हैदर अली, पूर्व विधायक माविया अली, चौधरी अब्दुल गफूर फैसल सलमानी, फरहाद आलम गाड़ा, चौधरी अबूबकर, चौधरी सुदेश गुज्जर, शीशपाल कश्यप, हाफिज उवैस, रोहित कश्यप, पूजा कश्यप, सुनील कश्यप, कविता कश्यप, शशि कश्यप, बबीता कश्यप, हसीन कुरैशी, रईस मलिक चेयरमैन, नदीम गौड़, मुदस्सिर देवबंद, मोहम्मद शहबाज, फरीद अली, हैदर अली, सैयद हस्सान पीआरओ पूर्व सांसद वेदपाल, मुदस्सिर उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस सेवाओं के पायलट सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं के पायलटों का पायलट दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि एम्बुलेंस सेवा केवल वाहन चलाना नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक पवित्र मिशन है। उन्होंने पायलटों की तत्परता और अनुशासन की जमकर सराहना की।

सम्मान समारोह में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस पायलट मरीज के लिए किसी रक्षक से कम नहीं होते। उन्होंने कहा, श्पायलट हमारे स्वास्थ्य विभाग और संस्था का गौरव हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य और सेवा भावना दिखाने वाले पायलट मोहम्मद साजिद अली, पुनीत यादव, राहुल और वरुण को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. कपिल देव, नोडल अधिकारी डॉ. कुणाल जैन, मैनेजर जैविंद्र सिंह, जिला प्रभारी सुधांशु सक्सेना और कुंवर सिंह समेत विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली क्षेत्र में 9 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के मामला प्रकाश में आया है नकुड पुलिस ने आरा. पी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए कारवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित बालिका की मां ने नकुड कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा को दी तहरीर में बताया कि 22 मई को वह मेहनत-मजदूरी के लिए खेत में गई हुई थी। घर में उसकी 9 वर्षीय बेटी अकेली थी। इसी दौरान गांव हरपाल निवासी नवीन पुत्र बीरम सिंह ने मौके का फायदा उठाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका ने जब उसकी मां घर वापस आई तो पूरी घटना बता दी। पुलिस ने पीड़ित बालिका का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी नवीन सिंह के विरुद्ध पोस्को एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

**ईद-उल-अजहा की नमाज**

| | |
|---|---|
| ईदगाह अम्बाला रोड | 8:00 |
| वक्फ जामा मस्जिद कलां | 6:30 |
| मस्जिद अनारवाली मीरकोट | 5:40 |
| मस्जिद अंसारियान शाहमदार | 5:45 |
| मोती मस्जिद नई बस्ती चकराता रोड | 5:45 |
| मस्जिद ईंजन वाली छीपियान | 6:00 |
| मदरसा मजाहिर उलूम जदीद | 6:15 |
| मदरसा मजाहिर उलूम वक्फ | 6:30 |
| नई मस्जिद छीपियान | 6:30 |
| मस्जिद ईद्दीशाह कम्बोह कटहरा | 6:30 |
| मस्जिद घंटाघर | 6:45 |
| मस्जिद जोगियान शाहमदार | 7:00 |
| मस्जिद दफ्तर मदरसा मौ. मुफ्ती | 6:00 |

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**अंबेहटा।** मोहल्ला गाडान निवासी आरिफ अहमद ने अपने भाई दानिश की मौत को लेकर न्यायालय की शरण ली है। आरोप है कि उसके भाई दानिश को उसकी पत्नी सबिया तथा उसके परिजनों ने कथित रूप से जहर देकर मौत के घाट उतार दिया।

बताया गया है कि मामले में कार्रवाई न होने पर आरिफ अहमद ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने नकुड़ पुलिस को पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर प्राथमिकता के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई एवं विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

# चौ.नीरपाल ने खिलाड़ियों को जयंत से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह व प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी से मिलकर खिलाड़ियों की समस्याएं बताई।

चौ नीरपाल सिंह व दीपक तोमर ने उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर के मूकबधिर शूटिंग, मेडलिस्ट खिलाड़ियों की जयंत चौधरी से मुलाकात कराई। राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ियों में यश अहलावत 68 वी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में दो सिल्वर मेडल, अंकुर, गार्गी, ऋषभ चौधरी आदि ने



मिलकर अपनी अपनी मांगो को लेकर मांग पत्र भी सौंपा।

मांग पत्र में उत्तर प्रदेश की खेल नीति में सुधार करने की मांग की गई। खिलाड़ियों ने मांग की कि अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी मूकबधिर राष्ट्रीय मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी, पुरस्कार एवं अन्य खेल सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सभी खिलाड़ियों की बात को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना तथा उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर खेल नीति में आवश्यक सुधार करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रताप लोहिया, युवा जिलाध्यक्ष मेरठ अभिमन्यु, मनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# 28 मई को होगा ईद उल अजहा का अवकाश: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस डीएम बेहट मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि ईदुल अजहा का सार्वजनिक अवकाश 28 मई को होगा कल (आज) सभी विभागों के कार्यालय नियत समय पर खुलेगे।



एसडीएम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि 17 नवम्बर 2025 घोषित अवकाश की सूची के प्रस्तुत 2 बिंदु के अनुसार वर्ष 2026 की सार्वजनिक अवकाश की सूची में क्रम संख्या 3 पर दिनांक 27 मई दिन बुधवार को ईदुल अजहा (बकरीद) का त्यौहार पर सार्वजनिक त्यौहार घोषित किया गया था। लेकिन अब शासन द्वारा घोषित ईदुल अजहा के सार्वजनिक अवकाश को परिवर्तन करते हुए दिनांक 28 मई दिन गुरुवार को ईदुल अजहा के त्यौहार का सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होने कहा कि बुधवार 27 मई को सभी विभागीय कार्यालय खुले रहेंगे।

# कुर्बानी में दूसरे धर्मों की भावनाओं का रखें ख्याल: रूही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना ही सबसे अफजल है और कुर्बानी का कोई बदल नहीं कुर्बानी के दौरान दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखा जाना चाहिए।



रूही अंजुम ने ईद उल अजहा पर जारी अपील करते हुए - कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है - जो हमारे नबी से हम तक पहुंची हैं उन्होंने कहा की कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करना सबसे अफजल है इसका कोई बदल नहीं है जो लोग कुर्बानी का बदल बताने में लगे हुए हैं वह गलत है अगर कोई सदका और गरीबों की मदद करना चाहे वह अलग से करें कुर्बानी का इससे कोई ताल्लुक नहीं इसलिए हर -साहिब हैसियत कुर्बानी करें।

### साफ सफाई है जरूरी

रूही अंजुम ने कहा की कुर्बानी किसी तरह का दिखावा मुनासिब नहीं है- साफ सफाई बहुत जरूरी है कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेष सड़कों पर या इधर-उधर में ना फेंके बल्कि जमीन में दबा दें - सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी न करें बल्कि पर्दे में एहतिमाम करें।

### गरीबों का भी रखे हिस्सा

कुर्बानी के बाद गरीबों को अपने हिस्से में से तकसीम करें उन्होंने कहा कि दूसरों की भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करें क्योंकि अच्छा अखलाक मुसलमान की पहली पहचान है।

**❑ ईद प्रेम, भाईचारे और सम्मान का त्योहार रूही अंजुम**

**❑ हर धर्म का सम्मान करें, शांति बनाए रखें रूही अंजुम का संदेश**

### एहतियात है जरूरी

अलहम्दुलिल्लाह कुछ जरूरी एहतियात जो हम सभी मुसलमानों को करनी चाहिए कुर्बानी किसी चिन्हित जगह पर ही करे जिबह किए जानवर के फोटो सोशल मीडिया को पर ना डालें नालियों में गंदगी ना बहाएं कुर्बानी करते वक्त ध्यान रखे किसी और मजहब के इंसान को तकलीफ ना पहुंचे, किसी को तकलीफ पहुंचाएं बिना जो त्योहार मनाया जाता वही सबसे बेहतरीन और खुशी की बात होती है।

# दस्तावेजों के साथ पहुंच बनवाएं फैमिली आईडी

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने सभी नगरवासियों से नगर पंचायत कार्यालय में सम्बंधित दस्तावेजो के साथ पहुंचकर फैमली आईडी बनवाने के लिए कहा है।

अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने सूचना जारी कर बताया है कि सरकार के आदेशानुसार भारत के प्रत्येक परिवार की एक विशिष्ट आईडी बनाई जा रही है। नगर पंचायत कार्यालय में फैमली आईडी बनाने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के राशन कार्ड बने हुए हैं उन लोगों का डाटा सरकार के पास पूर्व से ही उपलब्ध है। जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हुए हैं, वह अपनी फैमिली आईडी बनवाने के लिए अपने पूरे परिवार के आधार कार्ड और आधार कार्ड में लिंक एक मोबाइल नंबर अपने साथ लेकर प्रतिदिन प्रातः काल 10:00 बजे से 4:00 तक कार्यालय नगर पंचायत में पहुंचे और अपनी फैमली आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।साथ ही अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा नही करता है तब भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वह संबंधित परिवार स्वयं जिम्मेदार होगा।

# सुरक्षा नियमों का करें पालन: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत वितरण विभाग ने जनसामान्य एवं विद्युत उपभोक्ताओं से 11/33 केवी विद्युत लाइनों के निकट निर्माण कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

विद्युत नगरीय वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता आरएस वर्मा ने बताया कि शहर एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कई स्थानों पर उच्च वोल्टेज की विद्युत लाइनें पूर्व से स्थापित हैं,लेकिन इसके बावजूद कुछ भवन स्वामी सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर विद्युत लाइनों के बेहद समीप निर्माण कार्य करा रहे हैं, उन्होंने बताया गया है कि कई मामलों में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा चज्जे, बालकनी,लोहे के सरिए और अन्य ढांचे विद्युत लाइनों के अत्यधिक नजदीक तक बढ़ा दिए जाते हैं। इससे करंट फैलने, स्पार्किंग होने अथवा लाइन के संपर्क में आने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विभाग ने चेतावनी दी है कि विशेष रूप से बरसात और आंधी के मौसम में ऐसे निर्माण जान-माल के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं,निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों,मिस्त्रियों और स्थानीय नागरिकों के दुर्घटना का शिकार होने की संभावना भी बढ़ जाती है। बिजली विभाग ने नागरिकों, भवन स्वामियों, कॉलोनाइजरों और निर्माण कार्य कराने वाले व्यक्तियों से अपील की है कि 11/33 केवी विद्युत लाइनों के निकट किसी भी प्रकार का निर्माण न करें,निर्माण शुरू करने से पहले नगर निगम अथवा संबंधित प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति प्राप्त करें तथा निर्धारित विद्युत सुरक्षा दूरी का अनिवार्य रूप से पालन करें। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान लोहे के सरिए,पाइप,सीढ़ी अथवा अन्य सामग्री को विद्युत लाइनों के पास ले जाने से बचें। यदि किसी स्थान पर विद्युत लाइन के अत्यधिक निकट निर्माण कार्य होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विद्युत कार्यालय को दें।

### साफ सफाई की हिदायत

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा और चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह अधाना ने नगर क्षेत्र में पशुओं के अवशेष दबाने वाली जगहों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की और सख्त हिदायत दी कि पशुओं के अवशेष किसी भी खुले नाले, गली या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके जाएं। स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवशेष खुले में फेंकते पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, यदि कोई जानबूझकर त्योहार के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो सख्त कार्रवाई होगी।

# कमिश्नर को दिए ज्ञापन में मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तहसील देवबंद क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर के किसानों ने टावर लाइन स्थानांतरण कार्य के दौरान उचित मुआवजा व वार्षिकी नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण आप नेता योगेश दाहिया के अगुवाई में मंडल आयुक्त से मिले ओर हस्तक्षेप की मांग ज्ञापन सौंपा।



आज आप नेता योगेश दाहिया के नेत्तृव में गांव पहाडपुर के ग्रामीण मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे और मंडलायुक्त से भेंटकर उन्हें सौंपे ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में दिल्लीद-देहरादून एक्सप्रेसवे की हरिद्वार शाखा के निर्माण कार्य के चलते वर्ष 2015 में स्थापित देहरादूनद-बागपत 440 केवी हाईटेंशन लाइन का स्थानांतरण किया जा रहा है। किसानों के अनुसार इस प्रक्रिया में दो पुराने खंभों को हटाकर चार नए खंभे लगाए जाने प्रस्तावित हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग कंपनी और पावरग्रिड लिमिटेड द्वारा किसानों को पर्याप्त जानकारी और लिखित सूचना दिए बिना कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। उनका कहना है कि मुआवजे और भूमि क्षति को लेकर स्पष्ट जानक. ारी नहीं दी गई तथा किसानों के बीच मतभेद पैदा कर काम कराया गया। ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि टेलीग्राफ अधिनियम 1885 के प्रावधानों के अनुसार पूर्ण प्रतिकर दिया जाए। साथ ही कृषि भूमि, फसल, पेड़ों और कृषि वानिकी के अंतर्गत लगाए गए पौधों की वास्तविक लागत के आधार पर उचित मुआवजा और वार्षिकी तय की जाए। किसानों ने मंडल आयुक्त से मामले में विधिक परीक्षण कराते हुए देय मुआवजा निर्धारित कराने तथा प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग की है। इस दौरान श्रीपाल, रामसिंह, तौफिक, मौ.मुस्तफा, संदीप, विजय कुमार,अभिषेक, अभिमन्यु, मुकम्मिल तथा इकराम समेत आदि मौजूद रहे।

# आईआईए ने मनाया 41वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईआईए कोर ग्रुप बैठक में आईआईए के 41वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य केक कटिंग सेरेमनी एवं सांस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दिल्ली रोड पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक चैप्टर चेयरमैन प्रमोद सडाना, आर.के. धवन, राष्ट्रीय सचिव संजय बजाज, डिवीजनल चेयरमैन सतीश अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परविन्दर सिंह, चौप्टर सचिव कुशल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा सहित पूर्व अध्यक्ष



के.एल. अरोड़ा, अशोक गांधी, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस. कुमार अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष संदीप गुप्ता आदि ने संगठन की उपलब्धियों, औद्योगिक विकास में आईआईए की भूमिका तथा भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को 41वें स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम मे अशोक छाबड़ा, उपाध्यक्ष विनय दहूजा, राजकुमार अरोड़ा, अरविंद खन्ना, मयंक गाबा, संजय अरोड़ा, प्रेम क्वात्रा, परमजीत सिंह, संजीव सचदेवा, जिला उद्योग बंधु कन्वीनर सुनील सैनी, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र एवं खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, यूपीसीडा एवं आयुष विभाग कन्वीनर शिवम गोयल, कामधेनु उद्योग नगर एरिया हेड अतीश गुप्ता, देहरादून एरिया हेड संदीप कपूर, को-कन्वीनर गुलशन कुमार, जीएसटी कन्वीनर मनोज जैन, यूथ विंग कन्वीनर अविजीत सिंह छाबड़ा, लीगल एडवाइजर एडवोकेट अशोक पोशवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमित अरोड़ा, पंकज गोयल, सिद्धार्थ धवन आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**छुटमलपुर।** अपराधियों के धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम भोगपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर 23 वर्षीय मोहित (निवासी आलमपुर कला, बेहट) को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी मोहित ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह किसी वारदात के इरादे से नहीं, बल्कि इलाके में लोगों को डराने और अपना रोब झाड़ने के लिए चाकू साथ लेकर घूमता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# भीषण गर्मी में लगाई पानी की छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को राहत देने के लिए शाहजहांपुर क्षेत्र के समाजसेवियों ने मीठे जल की छबील लगाकर मानवता की मिसाल पेश की। चिलचिलाती धूप और तेज गर्म हवाओं के बीच राहगीरों, मजदूरों व यात्रियों को ठंडा मीठा जल पिलाया गया।

सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग छबील स्थल पर पहुंचते रहे, जहां युवाओं ने श्रद्धा भाव से लोगों को शरबत और ठंडा पानी वितरित किया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस तरह की सेवा कार्य वास्तव में पुण्य का काम है।



शाहजहांपुर ग्राम प्रधान आजाद सिंह ने बताया कि गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है और आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए लोगों से अधिक पानी पीने और धूप में सावधानी बरतने की अपील भी की गई।इस मौके पर चौधरी सुशील सिंह, विकाश सैनी,सोहन सैनी,विक्रम सिंह,प्रदीप सिंह विकास,आदि मौजूद रहे।

# बातचीत के बीच झड़प

एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत चल रही है और दोनों ही पक्ष उम्मीद जता रहे हैं कि बातचीत सही दिशा की तरफ जा रही है। तभी ऐसी खबर का आना जो संघर्ष विराम के लिए खतरा बन सकती है, लोगों में खौफ पैदा करता है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि भले ही संघर्ष अब ईरान-इस्राईल के बीच हो रहा हो, लेकिन इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। मंगलवार को ईरान की इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। साथ ही उसने कहा कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा। इतना ही नहीं उसने यह भी दावा कि अमेरिकी ड्रोन और एक एफ 35 फाइटर जैट पर भी फायरिंग की, जिससे दोनों वायु यानों को इलाका छोड़ना पड़ा। वहीं अमेरिकी नोसेना का कहना है कि उसने ईरान के बंदरबांस में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स के हवाले से सीएनएन ने कहा भी कि अमेरिकी बलों ने मंगलवार को ईरानी बलों के खतरे से अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए दक्षिण ईरान में आत्मरक्षा हमलों को अंजाम दिया। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्ष इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने एक-दूसरे पर हमला किया। अभी अच्छी बात यही है कि युद्ध विराम को लेकर अभी दोनों पक्ष संजीदा दिखाई दे रहे हैं और इसके टूटने की बात नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि इन झड़पों का युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है और यह जारी रहेगा, लेकिन एक बात तो साफ है कि इस घटना से एक बार फिर यह पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास का जो माहौल बना है, उसमें कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर जरा भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं, निश्चित रूप से यह बड़ी जटिल स्थिति है, जो समझौतों के लिए हो रही बात. चीत पर भी संदेह पैदा करती है। वैसे देखा जाए तो इस सारी स्थिति के लिए दो व्यक्ति ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो आए दिन अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करते हैं और दूसरे इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिनको युद्ध का चस्का लग चुका है और वह सबसे बड़े युद्ध के हिमायती दिखाई देते हैं। जहां तक बात बाकी दुनिया की है हर कोई चाहता है कि पश्चिम एशिया का संकट हल हो और होमुर्ज स्टेट पूरी तरह खुले, जिससे दुनिया राहत की सांस ले सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि पर्दे के पीछे जो बातचीत चल रही है वह किसी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचे।

# भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप





कृति आरके जैन

टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है।

अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां दबाव और जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं। ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की आदर्श माता-पिता की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है। इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी। आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियां बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहां हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामा. जिक विभाजन और तेज तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं। अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं।

## श्रीमुख से...

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर दिखाई दे



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए, सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर की जाए, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए, आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है, प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96-75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# महिलाओं की सुरक्षा, मगर पुरुषों का क्या



शिबली रामपुरी



एक बुजुर्ग शख्स काफी दिन पहले मिले उनको डायबिटीज की शिकायत है और काफी बीमार हैं वह बता रहे थे कि उन्होंने अपने बेटे की शादी की और बहू से उनकी कुछ अनबन होने लगी तो बहू ने उन पर झूठे इल्जाम दहेज वगैरा के लगा दिए इसके बाद मजबूरी में आकर बेटा घर से बाहर किराए पर मकान लेकर रहता है ताकि मां-बाप सुख शांति से रह सकें। उनकी बेबसी और शिकायत यही थी कि उनकी बात को इतनी गंभीरता से नहीं सुना गया कि जितनी गंभीरता से उनके बेटे की पत्नी की बात को सुना गया और इसीलिए उन्होंने हालात से समझौता किया क्योंकि वह लाचारी और बेबसी में क्या कर सकते थे। यह किसी एक घर की कहानी नहीं है बल्कि ऐसे बहुत सारे मामले सामने आते हैं जो यह बताते हैं कि किस तरह से महिलाओं के हक में बनाए गए कानून का आज बहुत तेजी के साथ दुरूपयोग होने लगा है लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस पर गंभीरता से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बेकसूर लोग बेवजह प्रताड़ित होते हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कानून बनाए गए हैं, उन पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। जितने सख्त ए कानून बनाए गए हैं, यदि इन्हें और अधिक सख्त किया जाए तो भी इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा होना बेहद जरूरी है। लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, हर किसी को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन पुरुषों पर अत्याचार होता है, उनकी आवाज कानूनी तौर पर इतनी कमजोर क्यों पड़ जाती है? यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन पुरुषों पर उनकी पत्नी या ससुराल पक्ष द्वारा अत्याचार किया जाता है, उन्हें न्याय पाने के लिए आज भी दर-दर भटकना पड़ता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी पुरुषों की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी महसूस होती है। इसी वजह से बड़ी संख्या में ऐसे पुरुष हैं जो मानसिक, सामा. जिक और कानूनी प्रताड़ना का शिकार होते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा खुलकर सामने नहीं रख पाते। देश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां दहेज या घरेलू विवाद के नाम पर पत्नी और उसके परिवार वालों ने पति तथा उसके माता-पिता पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। कई बार अन्य झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल तक भेज दिया गया।

बाद में अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह निर्दोष थे। लेकिन जब तक उन्हें न्याय मिलता है, तब तक उनका सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिति और मानसिक शांति काफी हद तक बर्बाद हो चुकी होती है।

केंद्र सरकार से लेकर विभिन्न राज्य सरकारों तक ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं और उन्हें और मजबूत करने का प्रयास किया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि न्याय का यह कैसा पैमाना है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए तो अनेक कानून हैं, मगर महिलाओं द्वारा प्रताड़ित पुरुषों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था दिखाई नहीं देती? जहां महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है, वहीं पुरुषों की स्थिति यह है कि कई बार पुलिस अधिकारी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। पूरा ध्यान केवल महिला पक्ष के आरोपों पर केंद्रित रहता है। जबकि न्याय का तकाजा यह है कि दोनों पक्षों की बात समान गंभीरता से सुनी जाए और दोनों को बराबरी का न्याय मिले। आज के समय में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी जिंदगी झूठे दहेज और घरेलू हिंसा के आरोपों ने बर्बाद कर दी। वे कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गए, और बदनामी अलग झेलनी पड़ी। ऐसे में भारत सरकार से यह मांग की जानी चाहिए कि वह ऐसे कानून बनाए जिनसे पुरुषों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिस तरह महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, उसी तरह पुरुषों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, संसद सदस्यों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की जरूरत है, ताकि न्याय का संतुलन बना रहे और हर पीड़ित व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे समान रूप से न्याय मिल सके।

# मोदी जी को गद्दार बोलकर राहुल गांधी को क्या हासिल होगा



रोहित कौशिक

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने पर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल गांधी का तर्क यह था कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर संविधान का अपमान कर रहे हैं, इसलिए वे गद्दार हैं। हालांकि राहुल गांधी को भी भाजपा के लोग देशद्रोही सिद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को गद्दार कहकर कांग्रेस को सत्ता हासिल हो सकती है?

निश्चित रूप से भाजपा की नीतियों की आलोचना और उन नीतियों पर प्रहार करना कांग्रेस का कर्तव्य है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए गद्दार शब्द का इस्तेमाल करके क्या कांग्रेस भी संविधान के खिलाफ काम नहीं कर रही है ? क्या हमारे देश का संविधान यह इजाजत देता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा खत्म कर दी जाए? जब भाजपा के अनेक नेता गांधी परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो क्या कांग्रेस के नेताओं को यह अच्छा लगता है ? इस समय कांग्रेस समर्थित बुद्धिजीवी और पत्रकार यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी भाजपा पर जबरदस्त प्रहार कर रहे हैं ? क्या प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करना जबरदस्त प्रहार करना होता है ? भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करना कांग्रेस का अधिकार है लेकिन नीतियों पर जबरदस्त प्रहार करना चाहिए न कि व्यक्तिगत रूप से। क्या राहुल गांधी द्वारा इसलिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा के अनेक नेता भी तो गांधी परिवार के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं? अगर राहुल गांधी या फिर कांग्रेस के नेता ऐसा करते हैं तो फिर राजनीतिक शुचिता का उदाहरण कौन प्रस्तुत करेगा ? अगर राजनेताओं की मानसिकता यह होगी कि दूसरी पार्टी के लोग भी तो ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए हम भी ऐसा ही करेंगे तो फिर राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के जिम्मेदार राजनेता है। इसके साथ ही वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद है। अगर इतने बड़े स्तर के राजनेता एक-दूसरे के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो हम किस प्रकार की राजनी. ति करेंगे? एक प्रगतिशील समाज में हमें भाषा समेत हर स्तर पर आगे की तरफ बढ़ना है लेकिन हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी स्वयं यह व्यवहार कर रहे हैं या फिर उनके सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं? शायद राहुल गांधी के सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं कि आप भापजा पर आक्रामक तरीके से हमला कीजिए। निश्चित रूप से नीतियों पर आक्रामक तरीके से हमला होना चाहिए लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए राजनेताओं को गद्दार कहना आक्रामकता नहीं, असभ्यता होती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के तमाम राजनेता लोतांत्रिक तरीके से जीतकर आए है और भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से ही सरकार बनाई है। ऐसे में उनके लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि भाजपा पर लगातार वोट चोरी का आरोप लगता रहता है और विपक्ष यह भी सवाल उठाता रहता है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार नहीं बनाई है। अगर विपक्ष के इस आरोप को सही मान लें तो भी किसी के प्रति असभ्य भाषा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के नेताओं पर भी लागू होती है। भाजपा के अनेक राजनेता भी गांधी परिवार के लिए अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। राजनीतिक शुचिता की बात करने वाली भाजपा के राजनेता भी यदि भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए उनकी लड़ाई एक मजबूत संगठन वाली पार्टी भाजपा से है। कई कोशिशों के बावजूद कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो पाया हैं। अगर संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस की तुलना भाजपा से की जाए तो जमीनी सच्चाई हम सबके सामने आ जाएगी। राहुल गांधी को यह सोचना चाहिए कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को गद्दार बोलकर कहीं वे अपनी लड़ाई कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? कांग्रेस को असली सफलता तब तक नहीं मिल सकती जब तक कि उसके साथ नए मतदाता नहीं जुड़ेगे। इसका अर्थ यह है कि अपने पारम्परिक मतदाओं के अलावा कुछ भाजपा के मतदाताओं को भी कांग्रेस को जोड़ना होगा। लेकिन राहुल गांधी जिस तरह से मोदी जी को गद्दार कह रहे हैं, क्या उस तरह से कांग्रेस के साथ नए मतदाता जुड़ पाएंगे ? यह सही है कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं लेकिन क्या उनकी मेहतन सही दिशा में हो रही है या फिर बयानों के माध्यम से माहौल गर्म कर सत्ता प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ बयानबाजी करके किसी भी हाल में सत्ता प्राप्त नहीं की जा सकती। क्या कांग्रेस जमीन पर उतनी मेहतन कर रही है जितनी मेहनत भाजपा करती है? जमीन पर सार्थक प्रयास न होने के कारण संगठन के स्तर पर कांग्रेस मजूबत नहीं हो पा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि राहुल गांधी अपने व्यवहार और भाषा में सुधार कर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर राहुल गांधी यह सोच रहे हैं व्यक्तिगत हमले कर और संविधान की कॉपी हवा में लहराकर कोई परिवर्तन हो जाएगा तो यह बहुत ही मुश्किल है। जो लोग राहुल गांधी को आक्रामक होने की सलाह दे रहे हैं उन्हें यह भी सलाह देनी चाहिए कि आक्रामक होने का अर्थ असभ्य होना नहीं है। सिर्फ भाषणों में ही आक्रामक होने से काम चलने वाला नहीं है, सगंठन को मजबूत करने में राहुल गांधी कितने आक्रामक हो पाते है, यह देखना होगा। मोदी जी को गद्दार कहने से पहले राहुल गांधी को यह सोचना होगा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कांग्रेस में इतने वर्षों से सूखा क्यों है? जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से उनके वक्तव्यों में गंभीरता की उम्मीद की जाती है, उसी तरह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से भी यह उम्मीद की जाती है कि उनके बयानों में हल्कापन न हो बल्कि गंभीरता हो।



पटना। ज्ञान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला-2026 के दूसरे दिन पंजीकरण काउंटर पर नौकरी चाहने वाली महिलाओं की भीड़।

## ईडी ने 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी मामले में पांच जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है। यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गई है।

## मोदी ने वैश्विक नेताओं को भेंट किए जनजातीय कला वाले उपहार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थाई रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।

# इजरायल को देश नहीं मानेंगेः पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री ने कहाः पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजरायल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजरायल के लिए मान्य नहीं है।

इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजरायल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवे. दनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को फलस्तीन के



■ ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी

समर्थक देश के तौर पर पेश करता रहा है। वहां आम जनता के बीच फलस्तीन का मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक दोनों स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहेगा लेकिन वह अपनी घरेलू राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने पिछले 78 साल में कभी इजरायल को मान्यता नहीं दी है। उसका आधिकारिक रुख यह रहा है कि जब तक 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य नहीं बनता, तब तक वह इजरायल को मान्यता नहीं देगा। इसी वजह से पाकिस्तान में इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का मुद्दा हमेशा घरेलू राजनीति से भी जुड़ा रहा है।

किसी भी सरकार के लिए इस पर नरम रुख अपनाना राजनीतिक जोखिम माना जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 25 सितंबर 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमे. रिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजरायल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फलस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजरायल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजरायल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिकाः खामेनेई

## मुस्लिम देशों से अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान किया

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन 'यौम-ए-अरफा' के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा कि वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नई व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के पहिए को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमे. रिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय 'प्रतिरोध मोर्चे' की भूमिका की भी सराहना की गई, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फलस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को 'कैंसरयुक्त ट्यूमर' और 'अस्थिर शासन' बताते हुए कहा कि वह 'अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण' के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।



■ मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं

## खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित कराने में विफल रहाः पेजेशकियन

**तेहरान/दोहा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को सैन्य कमांडरों से कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि खाड़ी में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति 'स्थाई सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।' साथ ही उन्होंने ईरान की रक्षा संरचना में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरानी वार्ताकार कतर में वाशिंगटन के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पेजेशकियन ने कहा कि सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना अवास्तविक और अप्रभावी सोच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने नई तकनीकों और साधनों को हासिल कर लिया है तथा सशस्त्र बलों को विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों और ज्ञान-आधारित कंपनियों के साथ गहरे सहयोग के माध्यम से 'तकनीकी बढ़त और रक्षा क्षमताओं को मजबूत' करने का निर्देश दिया।

## ईरान की फ्रीज 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने पर अमेरिका-ईरान में समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं।

# फ्रांस में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**पेरिस।** फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण सात लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं और बढ़ते तापमान को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम फ्रांस के समुद्र तटों पर सामान्य से अधिक भीड़ उमड़ने लगी है। इसी बीच, सरकार ने सप्ताह के अंत तक जारी रहने की आशंका वाली गर्मी से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा कि सोमवार का दिन फ्रांस में मई माह का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। एजेंसी के अनुसार सप्ताह के दौरान कुछ क्षेत्रों में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें लू से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे वर्ष के शुरुआती चरण में असामान्य रूप से तेज गर्मी से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंता के रूप में देखा जा रहा है। पेरिस में सप्ताहांत के दौरान तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। शनिवार को वर्ष 2026 में पहली बार तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ गर्मी से संबंधित घटनाओं में सात की मौत

पेरिस में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा सेवाओं ने इसकी पुष्टि की है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार राजधानी के दक्षिण-पूर्वी उपनगर मैजों-अलफोर्ट में आयोजित एक अन्य दौड़ के दौरान 10 धावकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भी गर्मी का असर देखने को मिला, जहां सोमवार को रोलां-गैरो में दर्शकों और खिलाड़ियों को सामान्य से कहीं अधिक तापमान का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह असामान्य गर्मी 'हीट डोम' नामक स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। इसके तहत उत्तरी अफ्रीका से आई गर्म हवा पश्चिमी यूरोप के ऊपर बने उच्च दबाव क्षेत्र के नीचे फंस गई है। पूर्वानुमान कर्ताओं का कहना है कि इस कारण तापमान मई के सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और यूरोप के बड़े हिस्से में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई

## अभियान के तहत 3308 हथियार व 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए

**सान सैल्वाडोर।** मध्य अमे. रिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शि. कंजा कसने के लिए चलाए गए संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।



अक्टूबर-नवम्बर 2025 में चलाए गए ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गई। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरि. कन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की जब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8701 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आए। अधिकारियों ने लगभग 200000 राउंड गोला-बारूद, 256025 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि और 210 वाहन भी जब्त किए। इस क्षेत्र में हथियारों की तस्करी अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है, जिनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, प्रवासियों की अवैध घुसपैठ और साइबर अपराध शामिल हैं। इन अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित आपराधिक समूह और गिरोह अक्सर कई तरह की अवैध वस्तुओं की तस्करी के लिए उन्हीं रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

इस अभियान में भाग लेने वाले 10 देशों ने भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की सूचना दी। इसमें 6.9 टन कोकीन, 659403 कोका के पौधे, 9.3 टन कोकीन बेस पेस्ट, 38.5 टन मारिजुआना, दो टन मेथामफेटामाइन और 11 किलोग्राम केटामाइन शामिल है। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने अभियान के बारे में कहा कि ऑर्का-11 अभियान की वजह से हजारों हथियार का प्रसार रोका गया है और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में असली प्रगति को दिखाता है।

## सीबीएसई भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके।

# क्वाड की 20 अरब डॉलर से महत्वपूर्ण खनिज फ्रेमवर्क की घोषणा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खनिज और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकाधिकार को तोड़ने के उद्देश्य से चार देशों के संगठन क्वाड के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के निवेश से 'क्वाड महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क' की घोषणा की है।

क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क का निर्णय खनिज आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में विशेष रूप से चीन की मनमानी को देखते हुए लिया गया है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक में इस पहल की घोषणा की गई। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देश महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। ये आपूर्ति श्रृंखलाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं। इस फ्रेमवर्क के जरिये ये देश आर्थिक नीति के साधनों और समन्वित निवेश का उपयोग करके, विविध और निष्पक्ष 'महत्वपूर्ण खनिज' बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। साथ ही ये देश क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 'क्रिटिकल मिनरल्स' की आपूर्ति को मजबूत बनाएंगे। इस फ्रेमवर्क में 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में क्वाड साझेदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रत्येक साझेदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान रखा गया है। फ्रेमवर्क के अनुसार क्वाड साझेदार देश 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, खनन, प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में, नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र से लगभग 20 अरब डॉलर तक का निवेश जुटाने का इरादा रखते हैं। इसके लिए उन परियोजनाओं की पहचान की जाएगी जिनका क्वाड से सीधा जुड़ाव हो जैसे कि वे परियोजनाएं जो क्वाड साझेदार देशों में स्थित हों, क्वाड साझेदार देशों में मुख्यालय वाली कंपनियों द्वारा संचालित हों, या क्वाड बाजारों को आपूर्ति करती हों और जो 'क्रिटिकल मिनरल' आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हों।

# पोप लियो चौदहवें ने एआई के खतरे के प्रति दी चेतावनी

**वेटिकन सिटी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है।

मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफगार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियां गलत जानकारी फैला रही हैं, टकराव को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध की राह पर ले जाने का जोखिम पैदा कर रही हैं। दस्तावेज में बाइबल की 'टावर ऑफ बेबेल' की कहानी का जिक्र करते हुए पोप ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब इंसानों ने घमंड में आकर बिना ईश्वर के आशीर्वाद के स्वर्ग तक पहुंचने वाली मीनार बनाने की कोशिश की, तो उसका परिणाम विनाशकारी रहा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे एक और टावर ऑफ बेबेल बनाना बंद करें और मानवता की भलाई के लिए अपनी ताकत जुटाएं। धर्मगुरु ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि एआई से जुड़ा डेटा और ताकत निजी क्षेत्र के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है।

# गोयल ने कनाडा में निवेश-व्यापार संबंध पर सार्थक चर्चा की

## वाणिज्य मंत्री ने पीएम मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड आदि के साथ की बैठक

**नई दिल्ली/ओटावा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बात. चीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं। गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गए गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा कि मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। प्रधानमत्री कार्नी के साथ इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर भविष्योन्मुखी चर्चा हुई और सेपा के शीघ्र निष्कर्ष के प्रति आशा व्यक्त की गई। यह समझौता दोनों राष्ट्रों के लिए विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने इस मुलाकात के बाद एक बयान में कहा कि हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए एक 'गेम चेंजर' (बड़ा अवसर) साबित होगा और जिससे एक विशाल नया बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं, मैंने मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की ताकि अब तक हुई हमारी प्रगति की समीक्षा की जा सके और ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्रों में हमारे दोनों देशों के लिए आगे आने वाले अवसरों का पता लगाया जा सके।' गोयल ने कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री

■ दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है



यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108